mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-29 अंक-162 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

रीवा

14 जून 2025 शनिवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित



अहमदाबाद प्लेन... @ पेज 7

# विमान हादसों में जान गवां चुकी भारत की बड़ी हस्तियां



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अहमदाबाद में 12 जून को एक दर्दनाक हादसा हो गया। इस हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का निधन हो गया। इस विमान में 242 लोग सवार थे, जिनमें से सिर्फ एक की

### ● अहमदाबाद में 12 जून को एक दर्दनाक हादसा

जान बच सकी। हालांकि विजय रूपाणी पहली हस्ती नहीं हैं, जिन्होंने विमान हादसे में अपनी जान गंवाई है। हवाई हादसों में अपनी जान गंवाने वाले कुछ शीर्ष नेता और प्रमुख हस्तियों की लिस्ट कुछ इस प्रकार है-

होमी जहांगीर भाभा (1966)ः भारत के अग्रणी परमाणु भौतिक विज्ञानी होमी जहांगीर भाभा की 24 जनवरी, 1966 को एयर इंडिया की उड़ान 101 के दुर्घटनाग्रस्त होने से मृत्यु हो हो गई। जिनेवा हवाई यातायात नियंत्रण के साथ गलत संचार के कारण विमान स्विस आल्प्स पर्वत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

संजय गांधी (1980)ः कांग्रेस नेता और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के पुत्र संजय गांधी की 23 जून 1980 को एक हवाई दुर्घटना में मृत्यु हो गई। संजय सफदरजंग हवाई अड्डे के पास दिल्ली फ्लाइंग क्लब के एक विमान को उड़ा रहे थे और हवाई कलाबाजी करने का प्रयास करते समय उन्होंने विमान पर से नियंत्रण खो दिया। विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की वजह से उनकी जान चली गई।

माधव राव सिंधिया (2001)ः कांग्रेस के वरिष्ठ नेता माधवराव सिंधिया की मृत्यु 30 सितंबर, 2001 को एक विमान दुर्घटना में हुई थी। वह कानपुर जाने के लिए दस सीट वाले एक निजी विमान में सवार थे जो उत्तर प्रदेश में मैनपुरी के पास खराब मौसम के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। सिंधिया स्वयं पूर्व नागरिक उड्डयन मंत्री थे।

जीएमसी बालयोगी (2002)ः लोकसभा अध्यक्ष और तेलुगु देशम पार्टी के नेता जीएमसी बालयोगी की तीन मार्च 2002 को एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु हो गई। हादसे के समय वह आंध्र प्रदेश के पश्चिमी गोदावरी जिले के भीमावरम से आ रहे थे तभी उनका हेलीकॉप्टर कृष्णा जिले के कैकालूर के निकट दुर्घटनाग्रस्त होकर एक तालाब में गिर गया।

साइप्रियन संगमा (2004)ः मेघालय के ग्रामीण विकास मंत्री साइप्रियन संगमा और नौ अन्य लोग पवन हंस हेलीकॉप्टर से 22 सितंबर 2004 को गुवाहाटी से शिलांग जा रहे थे। इसी बीच उनका हेलीकॉप्टर राज्य की राजधानी से मात्र 20 किलोमीटर दूर बारापानी झील के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिससे उनकी मृत्यु हो गई थी।

के एस सौम्या (2004)ः सौंदर्या के नाम से मशहूर दक्षिण भारतीय अभिनेत्री के एस सौम्या की 17 अप्रैल 2004 को एक हवाई दुर्घटना में मौत हो गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### रूस ने ईरान पर इजरायल के हमले को अकारण किया गया अटैक बताया

**मॉस्को (एजेंसी)।** रूस ने ईरान पर इजरायल के हमले को अकारण किया गया अटैक बताया है। रूस ने हमलों की कड़ी निंदा करते हुए क्षेत्र में तनाव के खतरनाक ढंग से बढ़ने पर चिंता भी जताई है। इजरायल ने ईरान के परमाणु, मिसाइल और सैन्य परिसरों पर हमला किया है। इजरायल ने अपने इस सैन्य अभियान को ऑपरेशन राइजिंग लॉयन नाम दिया है। इस हमले में ईरान के प्रमुख सैन्य कमांडर और परमाणु वैज्ञानिक मारे गए हैं। रूसी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''हम पश्चिम एशिया में तनाव के खतरनाक ढंग से बढ़ने पर बड़ी चिंता व्यक्त करते हैं। हम 13 जून की रात को संयुक्त राष्ट्र चार्टर



और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करते हुए इजरायल की ओर से की गई सैन्य कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हैं।'' उसने कहा है कि एक संप्रभु संयुक्त राष्ट्र सदस्य देश, उसके नागरिकों, शांतिपूर्ण शहरों और परमाणु ऊर्जा अवसंरचना सुविधाओं के खिलाफ ÷अकारण सैन्य हमले÷ अस्वीकार्य हैं। रूस ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय ऐसे अत्याचारों के प्रति उदासीन नहीं रह सकता है जो शांति को नष्ट करते हैं और क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचाते हैं। रूसी विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा, ''हमारा दृढ़ विश्वास है कि ईरान पर हमले की योजना बनाने और उसे अंजाम देने वाले लोग चाहे जो भी स्पष्टीकरण दें, ईरानी परमाणु कार्यक्रम के इर्द-गिर्द कोई भी समझौता सैन्य बल से नहीं हो सकता और इसे केवल शांतिपूर्ण, राजनीतिक और कूटनीतिक तरीकों से ही हासिल किया जा सकता है।''

### और खतरनाक हमला होगा... डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को दी धमकी

**अमेरिका (एजेंसी)।** मध्य पूर्व एशिया में एक बार फिर से युद्ध के बादल मंडरा रहे हैं। अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु समझौता में लगातार हो रही देरी के बीच इजरायल ने शुक्रवार को ईरान पर बड़ा हमला किया है। सुबह-सुबह इजरायल ने ईरान के 4 न्यूक्लियर, 2 मिलिट्री ठिकाने तबाह कर दिए हैं। इस हमले में ईरान के कई सैन्य अधिकारी और परमाणु वैज्ञानिकों की भी मौत हो गई है। वहीं, अब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने



भी ईरान को बड़ी धमकी जारी की है। आइए जानते हैं कि ट्रंप ने इस बारे में और क्या कुछ कहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को ईरान को चेतावनी जारी करते हुए परमाणु समझौता करने की अपील की है। ट्रंप ने साथ ही ईरान को ये धमकी भी दी है कि अगर कूटनीतिक वार्ता विफल रही तो ईरान पर हमले और भी बदतर हो जाएंगे। ईरान पर इजरायली हमके बाद ट्रंप ने पहली सार्वजनिक टिप्पणी की है। ट्रंप ने कहा है कि ÷अब भी समय है कि इस नरसंहार को रोका जाए, क्योंकि पहले से योजनाबद्ध आगामी हमले और भी भीषण होंगे।÷ डोनाल्ड ट्रंप ने कहा- ÷मैंने ईरान को सौदा करने के लिए कई मौके दिए। मैंने उन्हें सबसे कड़े शब्दों में कहा कि बस करो लेकिन चाहे उन्होंने कितनी भी कोशिश की हो, चाहे वे कितने भी करीब क्यों न पहुंचे हों, वे इसे पूरा नहीं कर पाए। अमेरिका दुनिया में अब तक का सबसे बेहतरीन और सबसे घातक सैन्य उपकरण बनाता है, और इजरायल के पास इसका बहुत ज़्यादा भंडार है, और आने वाले समय में और भी बहुत कुछ होगा और वे इसका इस्तेमाल करना जानते हैं।

## नई नवेली दुल्हन की पति के पास पहुंचने से पहले खत्म हो गई जिंदगी



**जोधपुर (एजेंसी)।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश में राजस्थान के बालोतरा जिले की रहने वाली खुशबू राजपुरोहित की भी मौत हो गई। खुशबू की अभी चार महीने पहले शादी हुई थी। वह पति के पास लंदन जा रही थी। खुशबू पहली बार विदेश जा रही थी लेकिन उसे क्या पता था यही उसकी जिंदगी की आखिरी उड़ान साबित होगी। जानकारी के अनुसार, बालोतरा जिले के अरबा गांव में पली बढ़ी खुशबू राजपुरोहित का चार महीने पहले जोधपुर के खरबेरा निवासी विपुल के साथ धूमधाम से विवाह हुआ था। खुशबू के पति विपुल राजपुरोहित लंदन के सरकारी अस्पताल में बतौर डॉक्टर सेवाएं दे रहे हैं। विवाह के बाद विपुल लंदन चले गए। अब खुशबू राजपुरोहित अपने पति से मिलने के लिए लंदन जा रही थी। इस दौरान अहमदाबाद में प्लेन क्रैश की घटना हुई और इसमें खुशबू की जान चली गई। इस बीच, खुशबू के एयरपोर्ट में प्रवेश करते हुए का वीडियो सामने आया है। इसके अलावा 4 महीने पहले विवाह समारोह के वीडियो भी सामने आए हैं। इन वीडियो को देखकर परिवार के लोगों के आंसू नहीं थम रहे। पूरे गांव का माहौल गमगीन है। हर कोई इस घटना के बाद स्तब्ध है।अरबा गांव से लेकर खरबेरा तक मातम पसरा है। खुशबू को हर कोई श्रद्धांजलि दे रहा है। इस बीच सोशल मीडिया पर खुशबू के विवाह की विदाई रस्म के वीडियो वायरल हुए हैं।

**DGCA का बड़ा फैसला**

## बोइंग 787-8/9 विमानों की सेफ्टी जांच बढ़ाने का निर्देश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात के अहमदाबाद में 12 जून को भीषण विमान हादसा हुआ है। Air India का Boeing 787-8 Dreamliner विमान क्रैश हो गया, जिसमें 242 यात्री सवार थे। इस हादसे में कई लोगों की मौत हो गई है। वहीं इसी विमान में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रुपाणी भी सवार थे। इस हादसे से पूरे देश में हड़कंप मचा हुआ है। इस बीच DGCA (Directorate General of Civil Aviation) ने बोइंग 787-8/9 विमानों पर सेफ्टी जांच बढ़ाने का निर्देश जारी कर दिया है। बता दें कि नया निर्देश 15 जून 2025 की रात 12 से लागू हो जाएगा।

DGCA ने बोइंग 787-8/9 विमानों की सेफ्टी जांच पर दिया ये निर्देशः





1- हर विमान की उड़ान से पहले होगी ये जांच. फ्यूल पैरामीटर मॉनिटरिंग और संबंधित सिस्टम की जांच होगी। केबिन एयर कंप्रेसर और उससे जुड़े सिस्टम की जांच की जाएगी। इलेक्ट्रॉनिक इंजन कंट्रोल सिस्टम टेस्ट किया जाएगा। इंजन फ्यूल ड्रिवन एक्ट्यूएटर का ऑपरेशनल टेस्ट और ऑयल सिस्टम की जांच होगी। हाइड्रोलिक सिस्टम की सर्विसेबिलिटी जांच होगी। टेक-ऑफ पैरामीटर्स की समीक्षा की जाएगी।

2- ट्रांजिट इंस्पेक्शन में अब फ्लाइट कंट्रोल इंस्पेक्शन अनिवार्य होगा जो कि अगले आदेश तक लागू रहेगा।

3- पावर एश्योरेंस चेक, अगले दो हफ्तों में कराना होगा पूरा।

4- बीते 15 दिनों में बार-बार आई तकनीकी खराबियों की समीक्षा के आधार पर मेंटेनेंस एक्शन जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश।

बता दें कि एयर इंडिया का जो विमान हादसे का शिकार हुआ है, वह 242 यात्रियों को लेकर अहमदाबाद से लंदन जा रहा था। उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद यह विमान क्रैश हो गया। इस हादसे में विमान में सवार 241 लोगों समेत कुल 297 लोगों की मौत हुई है। इस घटना में विमान में सवार केवल एक ही व्यक्ति की जान बची है, जिनकी पहचान रमेश विश्वास कुमार के रूप में हुई है, जो कि एक ब्रिटिश नागरिक हैं।

## रीवा की सोहागी घाटी में फिर सड़क हादसा, अनियंत्रित ट्रक पलटा चालक और खलासी घायल

**नोएडा (एजेंसी)।** रीवा की सोहागी घाटी में फिर एक हादसा हो गया। बीती देर रात रीवा-प्रयागराज हाईवे में सोहागी घाटी में अनियंत्रित ट्रक पलट गया। हादसे में चालक और खलासी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सूचना पर सोहागी थाना प्रभारी पवन शुक्ला पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जेसीबी की मदद से घायलों को ट्रक से बाहर निकाल कर उपचार के लिए अस्पताल भेजा। जानकारी के मुताबिक ट्रक सोहागी पहाड़ में नीचे की ओर जा रहा था, इसी दौरान अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। सड़क हादसे के चलते घंटों हाईवे जाम रहा। बता दें कि सोहागी घाटी में लगातार हो रही दुर्घटनाओं के बावजूद जिला प्रशासन बेपरवाह बना हुआ है। अभी हाल ही में सोहागी घाटी में हुए हादसे में एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई थी। इसके बावजूद जिम्मेदारों द्वारा दुर्घटनाओं को रोकने कोई सार्थक कदम नहीं उठाये जा रहे हैं।





## अहमदाबाद प्लेन हादसे में खत्म हो गया NRI का पूरा परिवार

**दो बच्चों समेत चली गई 4 लोगों की जान**

**मुंबई (एजेंसी)।** अहमदाबाद में एयर इंडिया की उड़ान संख्या 171 के दुर्घटनाग्रस्त होने से विमान में सवार 242 लोगों में से 241 की मौत हो गई। इन मृतकों में एक एनआरआई परिवार भी शामिल है। जानकारी के अनुसार, इस हादसे में मूल रूप से मुंबई के रहने वाले जावेद अली का पूरा परिवार खत्म हो गया। जावेद अली लंदन से मुंबई आए हुए थे और मां का इलाज कराने के बाद लंदन जा रहे थे।

जानकारी के अनुसार, अहमदाबाद प्लेन हादसे में जावेद अली (37 साल) उनकी पत्नी मरियम अली (35 साल) और दो बच्चों की मौत हो गई। जावेद का आठ साल का बेटा जयान अली और चार साल की बेटी अमीन अली की भी जान चली गई। इस हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा है।

जावेद अली के परिवार से जुड़े लोगों ने बताया कि जावेद अली 6 दिन के लिए भारत आए थे। वह मां की हार्ट सर्जरी के लिए मुंबई आए थे। पत्नी लंदन की थी। वे वहीं सेटल थे। जावेद के दो बच्चे थे। एक बेटा 8 साल का और एक बेटी 4 साल की थी।

परिवार के जुड़े लोगों ने बताया कि इनके परिवार से उनके रिश्तेदार रफीक शेख हैं। जो इस वक्त सुबह से अस्पताल के पोस्टमार्टम डिपार्टमेंट के बाहर बैठे हुए हैं।



उनकी पत्नी भी उनके साथ हैं। मन में कई सवाल है और काफी गुस्सा है।

बता दें कि अहमदाबाद से लंदन के गैटविक जा रही एयर इंडिया की उड़ान अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से दोपहर करीब 1.40 बजे उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गई। विमान में चालक दल के सदस्यों सहित 242 लोग सवार थे। जिनमें से सिर्फ एक शख्स ही जिंदा बच पाया है। विमान दुर्घटना में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की भी मौत हो गई। इस हादसे में कई लोगों का

## राजा के भाई ने की नार्को टेस्ट की मांग

**बोला- मर्डर में और लोग भी हो सकते हैं शामिल**

**इंदौर (एजेंसी)।** राजा रघुवंशी हत्याकांड में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि इस मामले में राजा के भाई ने अब नार्को टेस्ट कराने की मांग की है। राजा के भाई का कहना है कि इस हत्याकांड का पूरा सच उजागर करने के लिए दो प्रमुख आरोपियों-सोनम और राज कुशवाहा का नार्को टेस्ट कराया जाना चाहिए। बता दें कि पुलिस ने इस मामले में सोनम (25) और उसके कथित प्रेमी राज कुशवाहा (20) समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पांचों आरोपी मेघालय पुलिस की हिरासत में हैं, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है।



राजा रघुवंशी के बड़े भाई सचिन रघुवंशी ने कहा, ÷हम चाहते हैं कि मेघालय पुलिस सोनम और राज कुशवाहा का नार्को टेस्ट कराए, ताकि मेरे भाई की हत्या का पूरा सच बाहर आ सके।÷ सचिन ने आगे कहा, ÷सोनम और राज से मेघालय पुलिस की पूछताछ को लेकर सामने आ रही खबरों से हमें लग रहा है कि दोनों मिलीभगत के तहत एक-दूसरे को इस वारदात का मास्टरमाइंड बताकर जांचकर्ताओं को गुमराह कर रहे हैं।÷ सचिन ने दावा किया कि सोनम और राज अपने दम पर उसके भाई की हत्या की साजिश को अंजाम नहीं दे सकते थे।

सचिन ने कहा, ÷मुझे लगता है कि हत्याकांड में और लोग भी शामिल हैं, जो अब तक मेघालय पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। सोनम और राज के नार्को टेस्ट से इन लोगों के नाम भी पता चल सकते हैं।÷ राजा के भाई सचिन ने इस पूरे मामले की विस्तार से जांच की मांग की और यह भी संदेह जताया कि सोनम और राज के रिश्तेदार भी इस पूरे मामले में शामिल हैं। सचिन ने खास तौर पर सोनम की मां पर संदेह जताया है कि उसे पहले से दोनों के बारे में पता था। इसके बावजूद मां ने दबाव बनाकर राजा से सोनम की शादी करवाई। सचिन ने फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाए जाने की मांग करते हुए दोषियों को दोहरे आजीवन कारावास की सजा देने की मांग की।

## असम में एनडीए की बल्ले-बल्ले

**दो उम्मीदवार निर्विरोध राज्यसभा सदस्य चुने गए**

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के लिए अच्छी खबर है। यहां से एनडीए के दो उम्मीदवार राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित किए गए हैं। बीजेपी के कणाद पुरकायस्थ और असम गण परिषद के बीरेंद्र प्रसाद बैश्य असम से राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुन लिए गए हैं। शुक्रवार को एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

**विपक्ष ने नहीं उतारा कोई उम्मीदवारः** उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने राज्यसभा चुनाव के लिए कोई उम्मीदवार नहीं उतारा था। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख बृहस्पतिवार थी। अधिकारी ने कहा, ÷बीजेपी के कणाद पुरकायस्थ और असम गण परिषद (एजीपी) के बीरेंद्र प्रसाद बैश्य को राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है, क्योंकि विपक्ष का कोई उम्मीदवार नहीं है।÷




**पहली बार राज्यसभा सदस्य बने कणाद पुरकायस्थः** दोनों राज्यसभा सीट के लिए चुनाव 19 जून को होने थे। पुरकायस्थ पहली बार राज्यसभा सदस्य बने हैं। वह बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री कबींद्र पुरकायस्थ के पुत्र हैं और सिलचर से आते हैं। कणाद पुरकायस्थ फिलहाल बीजेपी की राज्य इकाई के सचिव हैं। एजीपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री बैश्य तीसरी बार राज्यसभा के सदस्य होंगे। वह लोकसभा सदस्य भी रह चुके हैं।

**असम में राज्यसभा की कितनी सीटें हैं?** बैश्य और बीजेपी के रंजन दास का कार्यकाल 14 जून को समाप्त होने के कारण असम में दो राज्यसभा सीट के लिए चुनाव होने थे। असम में राज्यसभा की सात सीट हैं, जिनमें से चार भाजपा के पास हैं और एक-एक सीट उसके सहयोगी एजीपी और यूपीपीएल के पास है। एक सीट का प्रतिनिधित्व निर्दलीय सांसद कर रहे हैं।

## रीवा में चरित्र शंका में महिला की हस्तत्या, मारपीट कर कुएं में फेंका

**रीवा (एजेंसी)।** रीवा जिले के गढ़ थाना क्षेत्र में एक महिला की चरित्र शंका के चलते हत्या का मामला सामने आया है। महिला से मारपीट करने के बाद उसे कुएं में फेंक दिया गया। महिला को कुएं से निकालकर ग्रामीण जब अस्पताल ले जा रहे थे तो, रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मृतिका के पति राजनाथ साकेत ने बताया कि वह रेत नेत्रहीन हैं। उसकी पत्नी पर चारित्रिक दोष का गलत आरोप लगाते हुए परिवार के लोगों ने मारपीट की इसके बाद उसे कुएं में फेंक दिया। जानकारी के मुताबिक मृतिका फूलकली साकेत गढ़ थाना क्षेत्र के पताई गांव की निवासी है। उसके दो बेटे पुणे में काम करते हैं जबकि पत्नी अपने नेत्रहीन पति के साथ घर में रहती थी। बीती शाम परिवार के कुछ लोग मृतिका के साथ मारपीट कर रहे थे, जिसमें बीच-बचाव करने उसका पति राजनाथ साकेत आया। पति का आरोप है कि आरोपियों ने उसे धक्का देकर दूर कर दिया और मारपीट करते हुए उसकी पत्नी को कुएं में फेंक दिया। ग्रामीणों की मदद से महिला को कुएं से बाहर निकाला गया, तब उसकी सांसे चल रही थी, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई।



# बिजली उपभोक्ताओं के घर पहुंचकर ऊर्जा मंत्री ने सुनी समस्याएं

**भोपाल ,( एजेंसी )।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर गुरुवार सुबह 4 बजे भोपाल एक्सप्रेस से ग्वालियर पहुंचते ही एक्शन में नजर आए। उन्होंने रेलवे स्टेशन से महाराजपुरा विद्युत वितरण केन्द्र पहुंचकर निरीक्षण किया तथा एफओसी के तहत दर्ज विद्युत शिकायतों का, उपभोक्ताओं से सीधे फोन पर बात कर निराकरण किया। श्री तोमर ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी परिस्थिति में बेवजह का विद्युत अवरोध नहीं होना चाहिए। यथासंभव उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर के साथ मुख्य अभियंता श्री अमित श्रीवास्तव, अधीक्षण अभियंता श्री नितिन मांगलिक, कार्यपालन अभियंता श्रीनिवास यादव के अलावा अन्य अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने महाराजपुरा विद्युत वितरण केन्द्र का निरीक्षण करने के उपरांत ग्वालियर के गोवर्धन कॉलोनी, सैनिक कॉलोनी, दीनदयाल नगर, शताब्दीपुरम सहित कई इलाकों में जाकर नागरिकों से प्रत्यक्ष संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं और सुधार के लिये तत्काल निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी तकनीकी खामियां समयबद्ध रूप से दुरुस्त की जाएँ, ताकि नागरिकों को निर्बाध व गुणवत्तापूर्ण विद्युत सेवा उपलब्ध हो सके। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने इस दौरान उपभोक्ताओं के घर-घर जाकर विद्युत समस्याओं को सुना और उनका त्वरित निराकरण किया। उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में पंखे कूलर और एसी का उपयोग आवश्यक है, लेकिन ऐसा कोई कार्य ना करेंजिससे बिजली आपूर्ति में कोई व्यवधान आए। ऊर्जा मंत्री ने उपभोक्ताओं से कहा कि वह ऊर्जा विभाग का सहयोग करें। सामने आ रही बिजली की समस्या के निदान के लिए यह सेवक और पूरा ऊर्जा विभाग मैदान में है। बिजली की खपत बढ़ने से ट्रांसफार्मर पर पड़ने वाले अतिरिक्त भार से बचने का तरीका यह है कि उपभोक्ता अपनी घरेलू बिजली का लोड बढ़वाएं तथा वैध विद्युत कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें।




ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि मध्य प्रदेश में बिजली की कोई कमी नहीं है, मध्यप्रदेश में बिजली सरप्लस है, लेकिन तकनीकी समस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने अपील की कि अगर हम बिजली कंपनी का सहयोग करें, तो तकनीकी समस्याओं को दूर करने में काफी हद तक निजात पाई जा सकती है।

विद्युत आपूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण करने के उपरांत ऊर्जा मंत्री श्री तोमर सीधे न्यू कॉलोनी कांच मील स्थित नवीन पार्क पहुंचे तथा यहां सफाई दूतों के साथ स्वर्गीय श्री देवेन्द्र सिंह तोमर मार्ग पर झाड़ू लगाकर सफाई अभियान में हिस्सा लिया।

## पी.जी. डिप्लोमा इन टीचिंग इंग्लिश पाठ्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित

**भोपाल ,( एजेंसी )।** स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केन्द्र अंतर्गत आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित एक वर्षीय सेवाकालीन प्रशिक्षण पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन टीचिंग इंग्लिश, पाठ्यक्रम का नवीन सत्र एक जुलाई, 2025 से भोपाल में प्रारंभ हो रहा है। वांछित योग्यता रखने वाले शिक्षक अपने आवेदन ऑनलाइन के माध्यम से 25 जून तक प्रेषित कर सकते हैं। इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को अंग्रेजी भाषा शिक्षण की नवीन पद्धतियों, नवाचारों व भाषा के विभिन्न कौशलों से अवगत कराया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद इन शिक्षकों को अपने विद्यालयों में बेहतर अंग्रेजी भाषा शिक्षण एवं विभिन्न स्तरों पर आवश्यकतानुसार शिक्षक प्रशिक्षण, पाठ्यपुस्तक लेखन एवं सामग्री निर्माण के कार्यों में भी नियोजित किया जाता है। प्रदेश के शासकीय माध्यमिक, उच्च माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ ऐसे योग्य व्याख्याता, उच्च श्रेणी शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक, जो न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों से अंग्रेजी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि रखते हों तथा जिनकी आयु एक जुलाई, 2025 को 50 वर्ष से अधिक न हो एवं जिनके पास कम से कम एक वर्ष का अंग्रेजी अध्यापन का अनुभव हो वह निर्धारित समयावधि में आवेदन कर सकते है। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से सम्बद्ध यह पाठ्यक्रम इस वर्ष एक जुलाई, 2025 से 30 अप्रैल, 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इनमें से प्रत्येक जिले से दो आवेदकों को स्क्रूटिनी के बाद प्रवेश दिया जायेगा। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री हरजिंदर सिंह ने समस्त जिला शिक्षा अधिकारी और सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को इस संबंध में निर्देश दिये हैं।

## डेयरी विकास योजना के क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तरीय समिति गठित

**भोपाल ,( एजेंसी )।** राज्य शासन द्वारा एमपी स्टेट कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के बीच में सहकार्यता अनुबंध के उद्देश्यों की पूर्ति और डेयरी विकास योजना के क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी का गठन किया गया है। समिति के अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे। समिति के उपाध्यक्ष मंत्री पशुपालन एवं डेयरी विकास और सहकारिता मंत्री होंगे। समिति में सदस्य के रूप में मध्यप्रदेश शासन के मुख्य सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त, अपर मुख्य सचिव सहकारिता, अध्यक्ष एनडीडीबी, प्रमुख सचिव वित्त विभाग, प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग, प्रबंध संचालक एवं कार्यकारी निदेशकगण एनडीडीबी तथा संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग को शामिल किया गया है। समिति के सदस्य सचिव प्रबंध संचालक मध्य प्रदेश राज्य को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन होंगे। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश के दुग्ध उत्पादकों के हित में एवं सहकारी प्रणाली और सांची ब्रांड का उन्नयन करने के उद्देश्य से पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ एमपी स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड एवं सम्बद्ध दुग्ध संघ के संचालन एवं प्रबंधन के लिए सहकारिता अनुबंध पर सहमति दिए जाकर अनुबंध निष्पादन किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। इस संबंध में अप्रैल माह में सहकार्यता अनुबंध निष्पादित किया गया था। राज्य स्तरीय समिति का मुख्य कार्य डेयरी विकास योजना की प्रगति की समीक्षा एवं अनुश्रवण तथा योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए नीति निर्धारण, आवश्यक सहायता व दिशा निर्देश प्रदान करना है।

## हरित क्षेत्र से जुड़े विषय-विशेषज्ञों के होंगे व्याख्यान

**भोपाल ,( एजेंसी )।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा 8.30 बजे राजधानी भोपाल के रवीन्द्र भवन में अमृत हरित अभियान पर केन्द्रित एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला का उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में हरित क्षेत्र के विस्तार और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों और पहलों का प्रसार करना है। कार्यशाला में मंत्रीगण, सांसद, विधायक, महापौर, निकायों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और जन-प्रतिनिधि शामिल होंगे।

## पीवीटीजी के 7.84 लाख परिवारों के हर घर में नल और हर नल से जल

**भोपाल ,( एजेंसी )।** पीएम जनमन योजना के अंतर्गत (पीवीटीजी) विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के परिवारों को मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दृष्टि से अन्य योजनाओं के साथ पेयजल आपूर्ति के लिये 360 पीवीटीजी गांवों के 7 लाख 84 हजार 327 घरों में नल कनेक्शन जारी किये गये है। प्रधानमंत्री जनमन आदिवासी न्याय महाअभियान के अंतर्गत केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जनजाति संवर्ग के उत्थान के लिये इस योजना के तहत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मंशा के अनुरूप नल-जल योजना भी विभिन्न क्षेत्रों दी जा रही सुविधाओं में से एक है। मध्यप्रदेश में 4197 पीवीटीजी गांव है। इसके अंतर्गत 11 लाख 67 हजार 373 परिवार इस योजना के तहत लाभांवित हुए है। वर्ष 2027 तक अधिकांश गांवों को सतही जल योजना के माध्यम से कवर कर लिया जाएगा। हर घर में नल हर नल में जल योजना के तहत 6019.95 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। 432 बसाहटों में से 192 बसाहटों कार्यपूर्ण किया जा चुका है। शेष 240 बसाहटों को कार्य 30 जून 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के माध्यम से प्रदेश के 400 स्वीकृत पीवीटीजी गांवों में से 60 गांवों में के हर घर में नल जल संचालित है। अभी 340 गांवों में कार्य प्रगति पर है। कार्य पूर्ण हो चुके गांव में 61 प्रतिशत के साथ दतिया प्रथम स्थान पर है इसके पश्चात 58 प्रतिशत सैचुरेरडे गांव के साथ ग्वालियर के 134 गांव में से 78 गांव में नल जल योजना का कार्य पूरा हो चुका है। शिवपुरी में सर्वाधिक स्वीकृत 592 गांव में से 97 गांव में नल जल योजना का काम पूरा हो चुका है। 495 गांवों कार्य प्रगति पर है। दूसरे नबंर पर शहडोल के 431 स्वीकृत गांवों में से 208 गांव में नल जल का कार्य पूर्ण हो चुका है शेष 223 गांव में कार्य प्रगति पर है।



## चीफ सिटी प्लानर छुट्टी पर, एई ने मॉल और स्कूल के लिए दे दी गलत परमिशन, सस्पेंड

**भोपाल ,( एजेंसी )।** होशंगाबाद रोड स्थित विद्या नगर में 20000 वर्ग फीट के सेमी कमर्शियल (रेसीडेंशियल कम कमर्शियल) प्लॉट पर दस मंजिल शॉपिंग मॉल की अनुमति जारी हो गई। यहां केवल ग्राउंड फ्लोर पर ही कमर्शियल अनुमति दी जा सकती थी। इसके अलावा कोलार के दानिश कुंज इलाके में पार्क के लिए आरक्षित डेढ़ एकड़ जमीन पर स्कूल बनाने की अनुमति दे दी गई। यह दोनो? बिल्डिंग परमिशन 31 मार्च से 2 मई के बीच जारी की गई। इस दौरान चीफ सिटी प्लानर अनूप गोयल अवकाश पर थे और असिस्टेंट इंजीनियर लालजी सिंह चौहान के पास उनका प्रभार था। छुट्टी से लौटने पर गोयल को जब जानकारी मिली तो उन्होंने मामले की जांच कराई। जांच के आधार पर




नगर निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण ने चौहान के निलंबन का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा। चौहान राज्य नगरीय यांत्रिकी सेवा कैडर के इंजीनियर हैं, इसलिए उनके खिलाफ कार्रवाई का अधिकार राज्य शासन को है। नगरीय विकास विभाग के अपर आयुक्त कैलाश वानखेड़े ने चौहान को निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए। तय नियमों के मुताबिक विद्या नगर फेज-2 में 100 फीट बाय 200 फीट के रेसीडेंशियल कम कमर्शियल प्लॉट पर 1.25 एफएआर के साथ ग्राउंड फ्लोर पर कमर्शियल अनुमति दी जा सकती थी। लेकिन लालजी सिंह चौहान ने प्रभारी रहते हुए इस पर जो परमिशन जारी की उसमें पार्किंग के लिए तीन फ्लोर बेसमेंट और 5 फ्लोर कमर्शियल के साथ यूटिलिटी फ्लोर मिलाकर कुल 10 फ्लोर की अनुमति दे दी।

## 'सफल उद्यमी, समृद्ध उद्योग, समावेशी विकास' थीम पर रतलाम में 27 जून को होगा 'राइज़ कॉन्क्लेव'

**भोपाल ,( एजेंसी )।** सफल उद्यमी, समृद्ध उद्योग, समावेशी विकास की थीम पर राइज (रीजनल इण्डस्ट्री स्किल एंड इम्प्लोयमेंट) कॉन्क्लेव का आयोजन 27 जून को रतलाम में किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में हो रहे इस वृहद आयोजन का उद्देश्य राज्य में उद्योग, कौशल विकास और रोजगार के क्षेत्र में समन्वित विकास को प्रोत्साहन देना है। कॉन्क्लेव में लगभग 2 हजार 500 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। संबंधित विभागों के मंत्री सहित एमएसएमई उद्यमी, बैंक प्रतिनिधि, प्रशिक्षित युवा, विभागीय अधिकारी और निवेशक इस कॉन्क्लेव में प्रतिभागी होंगे। मुख्यमंत्री राइज के दौरान प्रदेश के चयनित 4 से 5 जिलों के लाभार्थियों से वी.सी. के माध्यम से संवाद भी करेंगे। 'राइज़' कॉन्क्लेव में 1 लाख से अधिक हितग्राहियों को स्वरोजगार के लिये एक हजार करोड़ रुपए से अधिक के ऋण वितरित किये जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 500 से अधिक युवा लाभार्थियों को जॉब ऑफर लेटर सौंपेंगे। कॉन्क्लेव में 50 से अधिक औद्योगिक इकाइयों और क्लस्टर्स का भूमि-पूजन/लोकार्पण किया जाएगा। यहां ओएनडीसी, एनपीसीआई और वॉलमार्ट जैसे संस्थानों से एमओयू प्रस्तावित हैं। कॉन्क्लेव में 100 से अधिक स्टालों पर प्रदर्शनी लगाई जायेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव उद्यमियों की सफलता की प्रेरणादायक कहानियों पर आधारित पुस्तिका का विमोचन करेंगे। कॉन्क्लेव में थीम आधारित संवाद सत्र और वर्चुअल संवाद भी आयोजित किये जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 10 राज्य क्लस्टर का भूमि-पूजन और 6 राज्य क्लस्टर का लोकार्पण करेंगे। वे प्रदेश के 8 जिलों में स्थापित होने वाले औद्योगिक क्षेत्रों का भूमि-पूजन तथा 8 औद्योगिक क्षेत्रों का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस अवसर पर 28 एमएसएमई इकाईयों का लोकार्पण भी करेंगे।

## डबरा संभाग के उप महाप्रबंधक श्री शुभम कुमार निलंबित

**भोपाल ,( एजेंसी )।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा ग्वालियर वृत्त अंतर्गत संचारण संधारण डबरा संभाग में विद्युत आपूर्ति सेवाओं के दौरान अनधिकृत रूप से अनुपस्थित होने एवं कार्य में लापरवाही बरतने के कारण डबरा विद्युत संभाग में पदस्थ उप महाप्रबंधक श्री शुभम कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। गौरतलब है कि गत दिवस ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विभागीय समीक्षा के दौरान लापरवाह अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये थे। निलंबन अवधि में श्री शुभम कुमार का मुख्यालय वृत्त कार्यालय श्योपुर नियत किया गया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने सभी अमले को समझाइश दी है कि कार्य में पारदर्शिता, लगन, निष्ठा और उपभोक्ता सेवाओं को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बरदाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि कंपनी में जीरो टोलरेंस की नीति लागू है और सभी मैदानी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे उपभोक्ता सेवाओं और कंपनी की उत्तरोत्तर तरक्की के लिए निरन्तर प्रयास करते रहें। प्रबंध संचालक ने कहा है कि निर्बाध विद्युत आपूर्ति और उपभोक्ता सेवाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों के विरुद्ध कंपनी द्वारा सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## जनजाति आयोग के अध्यक्ष श्री आर्य ने किया जेलोत्कर्ष'' पुस्तक का विमोचन

**भोपाल ,( एजेंसी )।** अध्यक्ष राष्ट्रीय जनजाति आयोग नई दिल्ली और पूर्व जेल मंत्री मध्यप्रदेश शासन श्री अंतर सिंह आर्य ने जेलोत्कर्ष पुस्तक का विमोचन किया। पुस्तक के लेखक श्री गोपाल ताम्रकार पूर्व जेल अधीक्षक हैं। यह पुस्तक श्री ताम्रकार के 33 वर्षों के जेल अधीक्षक के रूप में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिला एवं केन्द्रीय जेलों की पदस्थापना के सहभागी अवलोकन और अनुभवों पर आधारित है। अध्यक्ष जनजाति आयोग श्री आर्य ने बताया कि पूर्व जेल अधीक्षक श्री ताम्रकार ने लगभग 10 वर्षों के उनके बतौर जेल मंत्री कार्यकाल में अनेक अभिनव सुधारात्मक प्रयोग किए थे।

श्री ताम्रकार को भारत सरकार द्वारा वर्ष 1999 में मानव अधिकार और जेल प्रबंधन'' विषय पर मास्टर ट्रेनर के रूप में लंदन भेजा गया था। श्री ताम्रकार को सराहनीय सेवाओं और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 2 बार राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया गया। पूर्व जेल अधीक्षक श्री ताम्रकार ने बताया कि 33 वर्षों के जेल यात्रा के अनुभवों को 11-11 वर्षों के अनुभव पर आधारित तीन भागों में पुस्तक लेखन किया गया। वर्ष 2021 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के बाद पाया कि जेल के अनुभवों पर के अनुभवों पर पुस्तक लेखन का निर्णय लिया। यह पुस्तक जेलों की स्थिति, विकास यात्रा और भावी योजनाओं का संकलन है। बंदियों को सामाजिक अवशेष मानकर उसे समाज के लिये पुन: उपयोगी बनाने की प्रक्रिया अपनाने पर जोर दिया गया है।



## मोदी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर सीहोर में प्रोफेशनल मीट का आयोजन

**भोपाल ,( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर सीहोर में प्रोफेशनल मीट का आयोजन किया गया। सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के11 साल विषय पर प्रोफेशनल्स को संबोधित किया। मंत्री श्री सारंग ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियां बताई। उन्होंने 2014 से पहले और अब के भारत में आये सकारात्मक परिवर्तन के बारे में तुलनात्मक जानकारी भी दी। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि 2014 में देश की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को स्वीकार किया। जिन्होंने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के विज़न के साथ देश को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाया है। इस अवसर पर विधायक श्री सुदेश राय, विधायक श्री गोपाल सिंह इंजीनियर, नगर पालिका अध्यक्ष श्री प्रिन्स राठौर, प्रबुद्धजन सहित भूतपूर्व सैनिक भी उपस्थित रहे। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण के लिये सराहनीय कार्य किया है। आज डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर, डिजिटल प्लेटफॉर्म और लक्षित योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को समय पर मिल रहा है। नया भारत छेड़ने वाले को छोड़ता नहीं हैमंत्री श्री सारंग ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत की नीति में एक ऐतिहासिक बदलाव आया है। अब भारत केवल सुनता नहीं है, जवाब देता है - सीधा, कठोर और निर्णायक। उन्होंने कहा कि उरी के बाद सर्जिकल स्ट्राइक, पुलवामा के बाद बालाकोट एयर स्ट्राइक, और अब हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर - इन सभी कार्रवाइयों ने भारत की सैन्य ताकत और राजनीतिक इच्छाशक्ति को दुनिया के सामने रखा है। सरकार ने सिद्ध कर दिया है कि आतंक के खिलाफ सिर्फ बातें नहीं, ठोस कदम भी उठाए जाते हैं। आज का भारत किसी को छेड़ता नहीं है लेकिन अगर कोई छेड़े तो उसे छोड़ता नहीं है। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि 2014 के पहले और आज के भारत में जमीन आसमान का अंतर है। सबका साथ, सबका विकास% की भावना से हर क्षेत्र में आए इस राष्ट्रीय परिवर्तन ने समावेशी विकास का स्पष्ट और सुगम रास्ता तैयार किया है। मोदी सरकार के नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ता यह नया भारत अब विकसित राष्ट्र के सपने को साकार करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्ष सेवा, सुशासन और समावेशी विकास के रहे हैं। इस कालखंड में केंद्र सरकार ने गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी- इन चार स्तंभों को राष्ट्रीय विकास की धुरी बनाया।

## बीड़ी एवं खदान श्रमिकों के बच्चों को एक हजार से पच्चीस हजार रुपये तक की छात्रवृत्ति

**भोपाल ,( एजेंसी )।** केंद्र सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा संचालित शिक्षा के लिये वित्तीय सहायता योजना के अंतर्गत प्रदेश राज्य के बीड़ी, चूना पत्थर एवं डोलोमाईट, लौह-मैग्नीज-क्रोम अयस्क खदान श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहन प्रदान करने के लिये छात्रवृत्ति दी जाएगी। इस योजना के तहत मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में कक्षा पहली से लेकर उच्च शिक्षा तक अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को एक हजार रुपये से पच्चीस हजार रुपये तक छात्रवृत्ति की स्वीकृत दी गई है। उप कल्याण आयुक्त श्रम कल्याण संगठन जबलपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 2 जून से प्रारंभ हो गई है। इच्छुक छात्र-छात्राएं नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2025 तथा पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2025 नियत की गई है। छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करते समय आवेदकों को ओटीआर (वन टाइम रजिस्ट्रेशन) करना अनिवार्य है। इसके साथ ही फेस ऑथेंटिकेशन प्रक्रिया को भी पूरा करना आवश्यक होगा। आवेदन करते समय सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्कैन प्रतियां पोर्टल पर अपलोड करें, जो कि स्पष्ट और पठनीय हो। आवेदन की पात्रता एवं अन्य संबंधित जानकारी/ शर्तें नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर उपलब्ध है। आवेदन जमा करने के बाद छात्रों को अपने शिक्षण संस्थान से संपर्क कर आवेदन का सत्यापन भी स्कॉलरशिप पोर्टल के माध्यम से करवाना अनिवार्य है। शिक्षण संस्थान द्वारा सत्यापित नहीं किए गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

## हलाली डेम में मछली उत्पादन और प्रोसेसिंग क्लस्टर बनेगा

भोपाल। देश का पहला मछली पालन और प्रोसेसिंग क्लस्टर भोपाल के पास हलाली डेम में बनने जा रहा है। केंद्रीय मछुआ पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह इंदौर से इस क्लस्टर का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। केंद्र सरकार की पहल पर राष्ट्रीय इनलैंड फिशरीज एवं एक्वाकल्चर मीट होने जा रही है। केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन समेत 20 राज्यों के मछुआ कल्याण व मछली पालन मंत्री इसमें शामिल होंगे। पीएम मत्स्य संपदा योजना में देशभर में हलाली डेम समेत कुल 17 बांध आधारित मछली उत्पादन क्लस्टर की पहचान की गई है, इन्हें देश के एक्सीलेंस फिशरीज प्रोडक्शन सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि मप्र के लिए यह गौरव की बात है कि राष्ट्रीय इनलैंड फिशरीज एवं एक्वाकल्चर की पहली बैठक प्रदेश के इंदौर में हो रही है। इस बैठक में उन राज्यों में मछली पालन को बढ़ावा देना है, जिनकी सीमाएं समुद्र से नहीं जुड़ती हैं। इस बैठक में समुद्री सीमा वाले राज्यों को छोड़कर अन्य सभी राज्यों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

# राजस्व प्रकरणों के निराकरण की प्रतिशत दर बढायें-कलेक्टर





**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने आर.सी.एस.एस. पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों और उनके निराकरण की स्थिति में सुधार लाते हुए राजस्व प्रकरणों के निराकरण की दर 60 प्रतिशत तक लाने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में यह निर्देश दिये है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य, एसडीएम आरएन खरे, जीतेन्द्र वर्मा, राहुल सिलाडिया, एलआर जांगडे, सुमेश द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर सुधीर बेक, सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

राजस्व अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने न्यायालयवार आरसीएमएस पोर्टल में दर्ज राजस्व प्रकरणों एवं निराकरण की समीक्षा की। आरसीएमएस पोर्टल पर कुल 32 राजस्व न्यायालयों में पंजीकृत प्रकरणों की संख्या 33 हजार 947 रही। जबकि निराकृत प्रकरणों की संख्या 16 हजार 406 पाई गई। प्रकरणों के निराकरण का औसत प्रतिशत 48 फीसदी पाया गया। कलेक्टर ने निराकरण का प्रतिशत 60 प्रतिशत तक लाने के निर्देश दिये है। बंटवारा के कुल दर्ज 2001 प्रकरणों में 1114 प्रकरणों का निराकरण और नामांतरण के 11019 दर्ज प्रकरणों में 6229 प्रकरणों का निराकरण किया गया है।

इसी प्रकार सीमांकन के कुल दर्ज 5313 प्रकरणों में से 3336 का निराकरण किया गया है। कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान समय में खेत खाली है। सीमांकन करने का यह समय सर्वथा उपयुक्त है। अतः सीमांकन प्रकरणों का अधिक से अधिक निराकरण करें। सुनिश्चित करें कि नामांतरण और बंटवारा के कोई भी प्रकरण 6 माह से अधिक और सीमांकन के प्रकरण 3 माह से अधिक समय तक लंबित नहीं रहे।

राजस्व न्यायालयों में दर्ज 2 से 5 वर्ष के प्रकरणों की संख्या कम करें और निराकरण का प्रतिशत बढाये। सीमांकन के दौरान सरहदी काश्तकारों को सूचना की तामीली अनिवार्य होगी। एसडीएम मझगवां की कोर्ट में 5 प्रकरण सहित कुल 15 प्रकरण 5 वर्ष से अधिक समय के है। इसी प्रकार नागौद तहसील में 89, अटरा में 30, सज्जनपुर में 13 प्रकरण 2 से 5 वर्ष तक के लंबित है। इनका शीघ्र निराकरण करें।

कलेक्टर ने कहा कि अतिक्रमण के धारा 250, 248 और रास्ते के विवाद के प्रकरणों का निराकरण तहसीलदार को स्पाट पर पहुंच कर निर्णय लेना चाहिए। सीमांकन के बाद पटवारी को अपनी रिपोर्ट पुष्टि के लिए प्रारूप 'क' में प्रस्तुत करनी चाहिए। कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों के अधिक डिस्पोजल परसेन्टेज वाले राजस्व अधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए कमजोर प्रगति वालों को और भी मेहनत कर परफारमेंस सुधारने के निर्देश दिये। राजस्व प्रकरणों में कमजोर प्रगति पर सिंहपुर के नायब तहसीलदार राजेन्द्र प्रसाद मांझी और जैतवारा के नायब तहसीलदार परमानंद तिवारी का एक सप्ताह का वेतन काटने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। कलेक्टर ने कहा कि 30 जून तक की अवधि में सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण 75 प्रतिशत तक किया जाये।

फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि अधिक संख्या में लंबित हल्का पटवारियों की बैठक लेकर एसडीएम स्वयं समीक्षा करे। अब तक जिले में 1 लाख 31 हजार 665 किसानों के रजिस्ट्रेशन हुए है। रामपुर बघेलान और बिरसिंहपुर तहसील इस कार्य में पीछे है। नक्शा विहीन ग्रामों की समीक्षा में बताया गया कि 214 गांवों में से 50 गांवों के नक्शे आनलाइन हो गये हैं। जून माह के अंत तक 83 गांवों के नक्शे और आनलाइन हो जायेंगे तथा जुलाई अंत तक प्रथम चरण के सभी 123 नक्शे आनलाइन कर दिये जायेंगे। पीएम किसान की समीक्षा में 5620 ई-केवायसी पेंडिंग पाई गई। साइबर तहसील में बताया गया कि पटवारी की रिपोर्ट 10 दिन से अधिक लंबित नहीं रहनी चाहिए।

कलेक्टर ने कहा कि बरगी परियोजना और जल जीवन मिशन जिले के लिए जीवनदायी प्रोजेक्ट है। इसके भू-अर्जन और राजस्व मामलों में सभी राजस्व अधिकारी बढ-चढकर सहयोग करें। शासन संधारित मंदिरों की जानकारी में बताया गया कि सतना जिले में 91 मंदिर शासन संधारित है। जिनमें रघुराजनगर में 20, कोठी तहसील में 6, रामपुर बघेलान में 9, कोटर में 1, मझगवां तहसील में 21, नागौद में 21, बिरसिंहपुर में 1 और उचेहरा तहसील में 12 मंदिर शासन संधारित है। हिट एण्ड रन के प्रकरणों में बताया कि कुल 120 प्रकरण प्राप्त हुए है। जिनमें 56 मृत्यु हुई है।

कलेक्टर ने हिट एण्ड रन, आरबीसी, कृषक जीवन कल्याण योजना सहित अन्य राहत योजनाओं में प्रभावितों को शीघ्रतापूर्वक सहायता राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं।

## एनीमल एवं डेयरी हस्ब्री टेक्नोलॉजी प्रवेश परीक्षा के लिए दल गठित



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा एनीमल एवं डेयरी हस्ब्री टेक्नोलॉजी डिप्लोमा की प्रवेश परीक्षा 17 जून को सतना जिले के तीन परीक्षों केन्द्र मां मीरा कान्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल वैष्णो देवी मंदिर डाली बाबा डेलौरा सतना, आदित्य कॉलेज आफ टेक्नोलॉटी एण्ड साइंस सतना तथा आदित्य कॉलेज मैनेजमेंट में एक पाली दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक आयोजित होगी।

परीक्षा के लिए रिपोर्टिंग का समय प्रातः 11 बजे से 12.30 बजे तक नियत किया गया है। परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन हेतु कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा सहायक समन्वयक, प्रशासनिक आब्जर्वर, उडनदस्ता दल तथा आब्जर्वर का गठन किया गया है।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार परीक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन के लिए अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे को सहायक समन्वयक, एसडीएम राहुल सिलाडिया को प्रभारी, डीएसपी डीपी सिंह को सुरक्षा समन्वयक, डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगडे, तहसीलदार रघुराजनगर सौरभ मिश्रा तथा नायब तहसीलदार राजेश कुमार सिंह को प्रशासनिक आब्जर्वर, शारदा सोनी, नीलेश गेहचन्द पटेल, अनूप सिंह, बृजेन्द्र सिंह तथा यादवेन्द्र सिंह को आब्जर्वर तकनीशियन, सहायक ग्रेड-3 दयाराम वर्मा को शाखा प्रबंधक, रोशन वर्मा एवं सचिन श्रीवास्तव को भृत्य तथा आकाश यादव की पेपर जमा करने में डयूटी लगाई गई है।

# सरभंग मुनि आश्रम में भगवान की लीलाओं के श्रवण और भव्य भंडारे के साथ हुआ कथा का समापन





**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** चित्रकूट की पवित्र सरभंगा तपोभूमि में विश्व पर्यावरण दिवस से शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा 12 जून 2025 को भव्य भंडारे के साथ सम्पन्न हुई। आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित इस संगीतमय कथा ने भक्ति, पर्यावरण प्रेम और सरभंगा को टाइगर रिजर्व बनाने की मुहिम को एक अनूठा मंच प्रदान किया। भगवान श्रीराम और सरभंग मुनि की इस तपोभूमि पर हजारों भक्तों ने भक्ति के रस में गोता लगाया, वहीं सतना नगर निगम के महापौर योगेश ताम्रकार सहित जन-समुदाय ने इस पर्यावरणीय आंदोलन को जोरदार समर्थन दिया।

**भक्ति और प्रकृति का रसमय संगम**

कथा वाचक आचार्य डॉ. विपिन कृष्ण महाराज ने सात दिनों तक भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण और श्रीराम की लीलाओं से सराबोर किया। ध्रुव चरित्र, प्रह्लाद, गजेंद्र मोक्ष, अजमिल प्रसंग, राम जन्म, कृष्ण जन्मोत्सव, माखन चोरी, कालिया नाग मर्दन और गोवर्धन पूजा की कथाओं ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आचार्य जी ने गोवर्धन पूजा को हरियाली का प्रतीक बताते हुए कहा, "प्रकृति की रक्षा ही सच्ची भक्ति है। सरभंग मुनि की तपोभूमि पर यह कथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती है।" भक्ति भजनों और मंत्रोच्चार से गूंजता कथा स्थल भक्तों के लिए आध्यात्मिक और पर्यावरणीय जागरूकता का अनूठा संगम बन गया।

**टाइगर रिजर्व की मुहिम को जन-आंदोलन का रूप**

आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान ने इस आयोजन को न केवल आध्यात्मिक उत्सव बनाया, बल्कि सरभंगा को टाइगर रिजर्व घोषित करने की मांग को जन-आंदोलन का रूप दिया।आशुतोष द्विवेदी ने उत्साह के साथ कहा, "यह पवित्र भूमि भगवान राम और सरभंग मुनि की तपस्या से पवित्र है। इसे टाइगर रिजर्व बनाकर हम प्रकृति की रक्षा करेंगे और विश्व पटल पर सरभंगा को नई पहचान देंगे।" स्थानीय लोग और पर्यावरण प्रेमी इस मांग के लिए एकजुट होकर खड़े हैं। उनका मानना है कि सरभंगा का जंगल बाघों का आश्रय बनने के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन और स्थानीय आजीविका का आधार बनेगा।

**भव्य भंडारा और महापौर का जोरदार समर्थन**

कथा के समापन पर 12 जून 2025 को आयोजित भव्य भंडारे में सरभंगा क्षेत्र के गांवों से आए हजारों भक्तों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। सतना नगर निगम के महापौर योगेश ताम्रकार ने प्रसाद ग्रहण कर आचार्य डॉ. विपिन कृष्ण महाराज का आशीर्वाद लिया। आशुतोष द्विवेदी ने महापौर को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।महापौर ताम्रकार ने सरभंगा टाइगर रिजर्व मुहिम को पूर्ण समर्थन देते हुए कहा, "यह अभ्यारण्य प्रकृति और बाघों के संरक्षण के साथ चित्रकूट को विश्व पटल पर नया कीर्तिमान देगा। मैं सरकार और मुख्यमंत्री से इस मुहिम के लिए निरंतर चर्चा में हूं। जल्द ही सरभंगा टाइगर रिजर्व हकीकत बनेगा।" उन्होंने इस आयोजन को क्षेत्र के सांस्कृतिक और पर्यावरणीय उत्थान के लिए मील का पत्थर बताया।

**एक नई क्रांति की शुरुआत**

स्थानीय समुदाय और पर्यावरण प्रेमियों ने इस आयोजन को भक्ति और प्रकृति के मिलन का प्रतीक माना। सरभंगा की हरियाली और प्राकृतिक सौंदर्य के बीच भगवान की लीलाओं का रसपान भक्तों के लिए अविस्मरणीय अनुभव बन गया। यह कथा न केवल आत्मिक शुद्धि का माध्यम बनी, बल्कि सरभंगा को टाइगर रिजर्व बनाने की मुहिम को जन-जन तक पहुंचाने में सफल रही।

आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान की यह पहल सरभंगा की पवित्रता को संरक्षित करने और चित्रकूट को पर्यावरणीय व आध्यात्मिक पर्यटन के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने का सशक्त संकल्प है। यह आयोजन न केवल एक कथा का समापन था, बल्कि एक बड़े मिशन की शुरुआत है, जो प्रकृति, भक्ति और समृद्धि का त्रिवेणी संगम बनकर उभरा है।

## एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य पर आधारित होगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** प्रदेश में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन जिला, विकासखण्ड एवं पंचायत स्तर पर 21 जून 2025 को सामूहिक योग कार्यक्रम का वृहद आयोजन किया जायेगा। इन कार्यक्रमों में सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों (स्कूल शिक्षा/उच्च शिक्षा/चिकित्सा शिक्षा/तकनीकी शिक्षा/ आयुष/ नर्सिंग पशु चिकित्सा/कृषि शिक्षा पॉलिटेक्निक , आई.टी.आई एवं समस्त शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों के छात्रों के अलावा अन्य समस्त शैक्षणिक सस्थानों के विद्यार्थी शामिल होंगे। साथ ही योग संस्थानों, एन.सी.सी., एन.एस. एस., पुलिसकर्मियों, विभिन्न प्रशिक्षण संस्थान, शासकीय सेवकों, स्वयंसेवी संगठन, वाणिज्यिक एवं औद्योगिक संगठन सहित आम नागरिकों की सामूहिक योग कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी।

प्रदेश के समस्त शासकीय/निजी संस्थाओं द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में शामिल होने के लिए आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दी गई लिंक पर आयोजक के रूप में पंजीयन कराना होगा। इससे केन्द्र सरकार के स्तर पर प्रदेश में आयोजन की संख्या निर्धारित हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि सयुंक्त राष्ट्र महासभा द्वारा योग को वैश्विक पहचान देते हुए वर्ष 2015 में 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया है। वर्ष 2015 से संपूर्ण विश्व में योग के प्रति उत्साही भागीदारी देखी गई है।

**प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर भी होगा आयोजन**

केन्द्र सरकार द्वारा इस वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की निर्धारित थीम ''एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग'' रखी गई है। प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर भी योग दिवस का आयोजन किया जायेगा। प्रमुख पर्यटन स्थल अनूपपुर-अमरकंटक मंदिर समूह, जिला रायसेन-भीमबैठका गुफा परिसर पार्किंग क्षेत्र के सामने, जिला भोपाल-कमलापति पैलेस, जिला उमरिया- बांधवगढ़, जिला ग्वालियर- किला, मान मंदिर के पास, जिला छतरपुर-खजुराहो, पश्चिमी मंदिर समूह, जिला निवाड़ी-ओरछा, जिला रायसेन-सांची, स्तूप नंबर 1 के पास लाइट एड साउंड शो क्षेत्र, जिला धार-माण्डू, जहाज महल के सामने तथा जिला खरगोन-महेश्वर में आयोजन किया जायेगा।

**अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम विवरण**

प्रदेश में समय-सारणी अनुसार एक ही समय पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। स्थानीय कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों का उद्बोधन प्रातः 6 से 6:30 बजे तक भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण प्रातः 6.30 से 6:40 बजे तक और विशाखापट्टनम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण प्रातः 6:40 से 7 बजे और योगाभ्यास प्रातः 7 से 7:45 बजे होगा। कार्यक्रम स्थल पर एन.एस.एस., एन.सी.सी. कैडेट्स, विद्यालयीन छात्रों, कॉलेज छात्रों, शासकीय सेवकों, पुलिसकर्मियों, जनप्रतिनिधियों, आम नागरिकों के लिए पृथक-पृथक स्थान तय किए जायेंगे। दिव्यांगों के लिए आवश्यक विशेष व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जायेंगी।

## सतना को मिला अपना पहला MR.DIY स्टोर

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** एशिया के सबसे बड़े होम इम्प्रूवमेंट रिटेलर्स में से एक अब सतना में अपना पहला स्टोर खोलने जा रहा है। यह नया स्टोर तिवारी टावर, रीवा रोड, रेलवे कॉलोनी में स्थित होगा। यह उद्घाटन मध्य प्रदेश में ब्रांड के निरंतर विस्तार का हिस्सा है और सतना के लोगों के लिए लेकर आएगा वादा – ढेर सारी वैरायटी, किफायती दाम और पूरे परिवार के लिए मज़ेदार शॉपिंग का अनुभव।

इस खास मौके को सेलिब्रेट करने के लिए,13 से 15 जून तक एक भव्य उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, जिसमें लाइव म्यूज़िक, पॉपकॉर्न और कॉटन कैंडी काउंटर जैसी मज़ेदार गतिविधियाँ होंगी। इसके अलावा, जो ग्राहक एक ही बिल में 1,000 रुपये या उससे अधिक की खरीदारी करेंगे, उन्हें एक फ्री बॉटल भी भेंट की जाएगी। **MR.DIY** में आपको मिलेंगे 15,000 से अधिक किफायती प्रोडक्ट्स – जैसे कि होम डेकोर, फर्निशिंग, स्टेशनरी, किचन और क्लीनिंग एसेंशियल्स, फैशन एक्सेसरीज़, खिलौने, इलेक्ट्रिकल गैजेट्स और भी बहुत कुछ।

स्मार्ट किचन टूल्स, क्रिएटिव स्टेशनरी, पार्टी सप्लाई और फिटनेस गियर जैसे आइटम्स के साथ यह स्टोर एक ऐसा ख़ज़ाना है, जहां हर किसी के लिए कुछ न कुछ है और वो भी एक ही छत के नीचे।

## अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत सोहावल के कार्यालय में सीईओ जनपद प्रतिपाल बागरी की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नशा निवारण हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सोहावल द्वारा समस्त जनपद स्टाफ, सचिव तथा ग्राम रोजगार सहायकों को नशा न करने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही युवा वर्ग की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित किए जाने के लिए सेल्फी प्वाइंट के जरिए नशा मुक्ति का संदेश दिया गया।

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर कार्यशाला का आयोजन




**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस 12 जून के अवसर पर श्रमायुक्त मध्यप्रदेश शासन इंदौर के निर्देशानुसार जिले में बाल श्रम विषय पर कार्यशाला सह बैठक जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष, सदस्यगण तथा जिला टास्क फोर्स समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों की उपस्थिति में आयोजन किया गया।

जिला बाल कल्याण समिति (न्यायिक खण्डपीठ) सीधी के सदस्य श्री सचिन्द्र कुमार मिश्रा ने चर्चा में बताया कि जितने बाल एवं किशोर श्रमिक संस्थानों में नियोजित नहीं रहते उससे ज्यादा कबाड़ बीनना तथा आरती घुमाना तथा गाड़ियों के साफ सफाई का कार्य करने में संलग्न रहते हैं। एक विशेष टीम द्वारा ऐसे बच्चों के माता-पिता के साथ चर्चा की जावे, और नियम अधिनियम की जानकारी देते हुए उन्हें अपने बच्चों से ऐसा कार्य न कराये जाने का बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर काउन्सिलिंग के पश्चात उन्हें जानकारी दी जावे।

चर्चा के दौरान उपस्थित सचिव सहायक श्रम पदाधिकारी सुश्री आकांक्षा पाठक द्वारा सदस्य द्वारा किए गये चर्चा तथा दिए गये मार्गदर्शन से सहमत होते हुए सी.डब्ल्यू.सी. एवं बाल श्रम अधिनियम के अंतर्गत जिले में गठित टास्क फोर्स समिति के सदस्यों के साथ संयुक्त अभियान चलाये जाने की बात बताई गयी।

जिला विधिक अधिकारी श्री मनीष कौशिक द्वारा अपना विचार व्यक्त किया गया कि ऐसे कार्य एवं बाल श्रम नियोजन की सम्भावना वाले संस्थानों में जांच के लिए अलग-अलग रेस्क्यू जांच टीम बनायी जाकर संभावित संस्थानों में प्रचार-प्रसार की सूचना पहुंचाई जाकर बाल श्रम न नियोजित किए जाने के समझाईस दी जावे तथा उनके द्वारा बताया गया कि, जिले में एक ऐसा कोई दूरभाष नम्बर प्रचारित कराया जावे कि जिसमें जिले के कोई भी आम नागरिक समाजसेवी, अधिवक्ता, स्वयंसेवी संस्थानों के पदाधिकारी एवं जिले में कार्यरत श्रमिक संगठन द्वारा बाल श्रम नियोजन की सूचना जिलास्तरीय टास्क फोर्स समिति एवं जिला दण्डाधिकारी / श्रमपदाधिकारी / जिला नोडल अधिकारी बाल श्रम तक सूचना प्राप्त हो और बाल श्रम रोकें जाने के संबंधी वैधानिक अधिनियम के प्रावधान अनुसार बाल श्रम नियोजित करने वाले संस्थानों के विरूद्ध कार्यवाही हो सके।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी महिला बाल विकास विभाग सीधी श्री अनुराग पाण्डेय द्वारा बताया गया कि बाल श्रम रोके जाने के संबंध में महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि जिले में स्थापित जिले में अशासकीय/शासकीय विद्यालय जहां पर बच्चे बाल एवं किशोर उम्र के बच्चे लगातार यदि विद्यालय से एक माह की अवधि से अनुपस्थित हैं तो विद्यालय के शिक्षकों को यह दायित्व है कि अनुपस्थित बच्चों की निगरानी करें कि कहीं वह विद्यालय से अनुपस्थित रहकर बाल श्रम के कार्यो में नियोजित तो नहीं हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सीधी के उपस्थित प्रतिनिधि अमरनाथ चतुर्वेदी द्वारा कहा गया कि इस संबंध में जिले के समस्त विद्यालय को पत्र जारी किया जावेगा।सचिव एवं सहायक श्रमपदाधिकारी सुश्री आकांक्षा पाठक द्वारा कार्यशाला में उपस्थित सभी सदस्य/पदाधिकारियों के विचार सुझाव के पश्चात आग्रह किया गया कि अभी दो-चार दिन में जैसे ही हीट वेव (अत्यधिक गर्मी) का प्रकोप कम होता है, तो जिला स्तर पर गठित जिला टास्क फोर्स समिति तथा उचित हो तो जिला बाल कल्याण समिति (सी.डब्ल्यू.सी.) के पदाधिकारी भी संयुक्त रूप से गठित जांच/रेस्क्यूदल तैयार कर जिले में बाल श्रम नियोजित होने वाले संभावित होने वाले संस्थानों में औचक निरीक्षण कर बाल श्रमिकों का पुनर्वास बाल कल्याण समिति के सदस्यों द्वारा दिए गये निर्देशानुसार कार्यवाही की जावेगी।

## सिन्धु विकास समिति करेगी 60 प्लस रक्तवीर का सम्मान

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** समाजसेवी संस्था सिन्धु विकास समिति 14 जून विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर महंत स्वामी संतोखदास जी के आशीर्वाद एवं डॉदीपक सोई संरक्षक श्रीचंद मनवानी गोपी गेलानी मनोहर डिगवानी अध्यक्ष विनोद गेलानी महामंत्री घनश्याम मंघरानी की गरिमामय उपस्थिति में 60 प्लस के युवा रक्तवीरों का सम्मान करेगी .संस्थाध्यक्ष विनोद गेलानी ने कहा 60 प्लस के युवा रक्तदाताओं में ब्लड डोनेट करने का जज्बा और जुनून इस कदर भरा है कि इस उम्र के बाद भी रक्तदान कर रहे हैं ऐसे रक्त वीरों का संस्था सम्मान कर युवाओं एवं मातृशक्ति को प्रेरणा देने का तो कार्य करेगी साथ ही संस्था ऐसे रक्तवीरो का सम्मान कर गौरावित होगी.संस्था के मंत्री संजय वाधवानी ने जानकारी देते हुए बताया सम्मान समारोह 14 जून शनिवार को सिन्धी कॉलोनी स्तिथ श्री मनोहर धाम में प्रातः 9:30 बजे से आयोजित किया गया है.।

## एमपी किसान पोर्टल पर पंजीकरण के लिए सलाह

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** कृषि विभाग द्वारा किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए एमपी किसान पोर्टल पर पंजीकरण करने की सलाह दी गई है। यह पोर्टल किसानों के लिए एक सुगम और पारदर्शी मंच है, जिसके माध्यम से वे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, कृषि यंत्र सब्सिडी, बीज अनुदान, और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि वे पंजीकरण के लिए अपने आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण, खसरा-खतौनी और पंजीकृत मोबाइल नंबर के साथ पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराएं। पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए स्थानीय कृषि कार्यालय, पंचायत स्तर पर सहायता केंद्र, और कॉमन सर्विस सेंटर पर सहायता उपलब्ध है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे केवल प्रमाणित दस्तावेजों का उपयोग करें और आवेदन से पहले पोर्टल पर उपलब्ध दिशा-निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला- रीवा (म.प्र.)**

कमांक-699/ई-टेंडर जोन-03/न.पा.नि./2025 रीवा, दिनांक 11.06 2025

**//निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा कर निस्तुत विवरण वेबसाइट https://mptenders gov in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा NIT क्रमांक दिनांक | कार्य का नाम | कार्य करे समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत का मूल्य एवं EMO | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_430283_1 12.06.2025 [FIRST CALL] 694/11.06.2025 | 3 जोन क्रमांक-03 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-13 में वीरेन्द्र सिंह जी के घर से ताम्रकार जी के घर तक एवं लाल बहादुर सिंह जी के घर से कलावती जी और गोविन्द सिंह जी के घर तक आर सी. सी. नाली निर्माण का कार्य। | 04 माह ₹22.78 लाख | ₹5000.00 ₹17085.00 | 11.07.2025 18.00 बजे तक। |
| 2. | 2025_UAD_430285_1 12.06 2025 [FIRST CALL] 695/11.06.2025 | जोन क्रमांक-03 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-15 में अरविन्द तिवारी जी के घर से ज्ञानेन्द्र श्रीवास्तव जी (CMO), देवकरण द्विवेदी जी के घर के पास सीसी सड़क एवं आरसीसी नाली निर्माण का कार्य। | 03 माह ₹18.94 लाख | ₹2000.00 ₹14205.00 | 11.07.2025 18.00 बजे तक। |
| 3. | 2025_UAD_430286_1 12.06.2025 [FIRST CALL] 696/11.06.2025 | जोन क्रमांक-03 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-24 में जे.पी शर्मा जी के घर से वीनस जी के घर तक एवं अमित सिंह जी के घर से पुराना निर्मित नाला तक आरसीसी कवर्ड नाली निर्माण का कार्य। | 03 माह ₹14.21 लाख | ₹2000.00 ₹10658.00 | 11.07.2025 18.00 बजे तक। |
| 4. | 2025_UAD_430287_1 12.06.2025 [FIRST CALL] 697/11.06.2025 | जोन क्रमांक-03 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-24 में आई पी त्रिपाठी जी के घर से बी.पी शुक्ला जी एवं सत्यदेव सिंह जी के घर तक आरसीसी नाली एवं पुलिया निर्माण का कार्य। | 03 माह ₹14.32 लाख | ₹2000.00 ₹10740.00 | 11.07.2025 18.00 बजे तक। |
| 5. | 2025_UAD_430288_1 12.06.2025 [FIRST CALL] 698/11 06.2025 | जोन क्रमांक-03 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-24 कमसरियत मोहल्ला में अरविन्द्र गुप्ता जी के मकान से दुसाज जी के मकान तक रोड के दोनों तरफ आरसीसी नाली निर्माण का कार्य | 03 माह ₹17.85 लाख | ₹2000.00 ₹13388.00 | 11.07.2025 18.00 बजे तक। |

**नोटः**- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**जोन क्रमांक-3**
**नगर पालिक निगम रीवा ( म.प्र. )**

## विचार

# सच, साज़िश और नरसंहार की अनकही दास्तान

आज रिलीज़ हुआ द बंगाल फाइल्स- राइट टू लाइफ का टीज़र एक बार फिर विवेक रंजन अग्निहोत्री की साहसपूर्ण कहानी शैली का परिचायक है। 'द बंगाल फाइल्स' 1940 के दशक में बंगाल में हुए साम्प्रदायिक हिंसा ( विशेष रूप से डायरेक्ट एक्शन डे और नोहाखली दंगों ) पर आधारित है। यह एक ऐसी घटना है जिसे अक्सर इतिहास की धुंध में गुम कहा जाता है, और अग्निहोत्री इसे हिन्दू नरसंहार की रूपरेखा में पेश करते हैं। टीज़र में दी गई पिवोटल लाइन साफ इशारा करती है कि यह सिर्फ क्षेत्रीय ट्रैजिक स्टोरी नहीं, बल्कि एक इतिहास की परतों को उजागर करने वाली राजनीतिक-भावनात्मक फिल्म है। यह फ़िल्म दर्शकों, विशेषकर विवेक अग्निगोत्री के फैन्स के लिए बेहद ख़ास होगी। गंभीर, अँधेरी और बेचैन करने वाली टोन, टीज़र में देवी दुर्गा की जलती मूर्ति, तीखा संवाद, और कण-कण में यथार्थ का अहसास रोमाँच के लिए पर्याप्त है। मिथुन चक्रवर्ती का जर्जर लुक, जलते जीभ के साथ संविधान का उद्घोष- एक मेमोरेबल इमोशनल पल क्रिएट करता है। इतिहास से जुड़ी संवेदनशीलता को टीज़र ने बखूबी दर्शाया है जो एक ऐतिहासिक अनुसंधान की तैयारी लगती है - दर्शक व्यथित भी होंगे और सोचने के लिए मजबूर भी। विवेक अग्निहोत्री की फ़िल्में इतिहासनिष्ठ कथाएँ होती हैं, जैसे 'कश्मीर फाइल्स', 'ताशकंद फाइल्स' जो दबे हुए सत्य उजागर करने की धृष्टता करते हैं। विवेक अग्निहोत्री अपनी फिल्मों में बोल्ड टोन के लिए प्रख्यात हैं। संवेदनशील, विवादित विषयों पर निर्भीक दृष्टिकोण के कारण आलोचकों से टकराव स्वाभाविक है, किन्तु बन्दे में दम हैक्क वे अपनी प्रक्रिया जारी रखते हैं। उनकी कहानी में सेंटिमेंट और पॉलिटिक्स का अनूठा संगम होता है।

क्रिटिक्स कहते हैं-'द बंगाल फाइल्स' टीज़र पर अब तक कोई पूर्ण समीक्षा नहीं आई है, लेकिन 'कश्मीर फाइल्स' और 'टाशकंद फाइल्स' के लिए आलोचकों ने कहा था कि उनमें सच बोलने की हिम्मत है, अनसुने पहलुओं को सामने लेकर आये हैं और स्टोरीटेलिंग में इमोशनल इंटेंसिटी है। साथ ही, उन पर एकतरफा व्याख्या, ऐतिहासिक तथ्यों की चुनिंदा प्रस्तुति और सामाजिक विभाजन को बढ़ाने के आरोप भी लगाए गए। अग्निहोत्री खुद सोशल मीडिया पर ट्रोल्स को जवाब देते हैं। कश्मीर फाइल्स की अप्रत्याशित सफलता उन्हें अपने प्रशंसकों का खास बनाती है।

फ़िल्म दमदार कलाकारों से लैस है। मिथुन चक्रवर्ती, अपने रग्गड, दाढ़ी वाले लुक में दिखते हैं। संवेदनशील लोकतंत्र के उद्घोषक के रूप में उनकी आवाज़ में इतिहास का दर्द झलकता है। अनुपम खेर, पल्लवी जोशी, दर्शन कुमार, पुणीत इस्सर, गोविंद नामदेवक्क अनुभवी कलाकारों का समूह, जिनकी उपस्थिति फिल्म को करिश्माई बनाती है। बच्चू मान, नमाशी चक्रवर्ती ( मिथुन के पुत्र )क्क युवा और वरिष्ठ प्रदर्शन का संयोजन, कहानी में पीढ़ीगत संवेदनाएँ जोड़ते हैं। टीज़र में देवी दुर्गा की जलती मूर्ति—बंगाल की सांस्कृतिक विरासत को नीति नाटकीय रूप में उभारता है। 'द बंगाल फाइल्स- राइट टू लाइफ' का टीज़र विवेक अग्निहोत्री स्टाइल का संक्षिप्त, तीखा और भावनात्मक प्रदर्शन है। यह एक जागरूकता और प्रेरणा देने वाली फिल्म होगी जो इतिहास की असहज परतें खोलती है। विरोधाभासी प्रतिक्रियाएँ, जहाँ तारीफ़ भी मिलेगी और विवाद भी होंगे, जैसे उनकी पिछली फिल्मों को मिला।

# आर्थिक असमानता हो दूर

**भारत एक ओर जहां लगातार तेज ग्रोथ करते हुए बीते दिनों जापान को पीछे छोड़ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी बना, तो वहीं उपलधियों का सिलसिला जारी है और दुनिया इसका लोहा मान रही है। अब एक और खुश करने वाली रिपोर्ट आई है, जो विश्व बैंक ने जारी की है, जिसमें भारत में अत्यधिक गरीबी में आई उल्लेखनीय कमी की रोशनी है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2022-23 में यह दर 5.3 प्रतिशत रह गई है, जो वर्ष 2011-12 में 27.1 फीसदी थी। रिपोर्ट के निष्कर्षों के अनुसार भारत ने लगभग एक दशक से कुछ कम समय में 27 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है, जो पैमाने और गति के मामले में उल्लेखनीय एवं ऐतिहासिक उपलधि कही जा सकती है।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने शासन के ग्यारह स्वर्णिम वर्षों में गरीबी को कम करने के लिए सामूहिक कार्रवाई की ज़रूरत पर ज़ोर दिया है, गरीबों के संघर्षों और उनकी चिंताओं को सुनकर, उन्हें गरीबी से बाहर आने में मदद करके और अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करके उन्होंने गरीब उन्मूलन की योजनाओं को जमीन पर उतारा है। मोदी सरकार ने गरीबी में रहने वाले लोगों और व्यापक समाज के बीच समझ और संवाद को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा है। उनकी दृष्टि में गरीबी को खत्म करना सिर्फ़ गरीबों की मदद करना नहीं है - बल्कि हर महिला और पुरुष को सम्मान के साथ जीने का मौका देना है। विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रही सरकारी पहलों, तेज आर्थिक सुधारों और जरूरी सेवाओं तक सबकी पहुंच का ही यह नतीजा है कि गरीबी दिन-ब-दिन तेजी से घट रही है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार रोजगार में वृद्धि हुई है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। भारत ने बहुआयामी गरीबी को कम करने में भी जबरदस्त प्रगति की है। बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) 2005-06 में 53.8 प्रतिशत से घटकर 2019-21 में 16.4 प्रतिशत और 2022-23 में 15.5 प्रतिशत हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों को गरीबी से उबारने के लिए केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों और सशक्तीकरण, बुनियादी ढांचे और समावेशन पर फोकस पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जन-धन योजना और आयुष्मान भारत जैसी पहलों ने आवास, स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा तक उनकी पहुंच को बढ़ाया है।

डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर (डीबीटी), डिजिटल समावेश और मजबूत ग्रामीण बुनियादी ढांचे ने अंतिम जन तक लाभों की पारदर्शिता और तेज वितरण सुनिश्चित किया है। इससे 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी पर पार पाने में मदद मिली है। मोदी सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को संबल और आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई हैं और उनका बेहतर क्रियान्वयन किया है। अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 34.44 करोड़ से घटकर 7.52 करोड़ रह गई है। पूरे भारत में अत्यधिक गरीबी को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, जिसमें प्रमुख राज्यों ने गरीबी में कमी लाने और समावेशी विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पांच बड़े राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और बंगाल में 2011-12 में देश के 65 फीसदी अत्यंत गरीब लोग थे। इन पांच राज्यों ने ही 2022-23 तक गरीबी कम करने में दो-तिहाई का योगदान दिया है।

विश्व बैंक ने पाकिस्तान को आईना दिखाते हुए भारत से गरीबी उन्मूलन की योजनाओं एवं सोच से प्रेरणा लेने की बात कही है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान की 45 प्रतिशत आबादी गरीबी में है। भारत की गरीबी दर 5.3 प्रतिशत और पाकिस्तान की 42.4 प्रतिशत है। इसका सबसे बड़ा कारण पाक अपना सारा ध्यान आतंकवाद एवं आतंकवादियों के पोषण पर देता है, गरीबी दूर करना उसकी योजनाओं एवं नीतियों में दूर-दूर तक नहीं है। इसीलिये भारत ने वैश्विक मंचों पर पाक पर यह आरोप भी लगाया है कि वह अंतरराष्ट्रीय सहायता का दुरुपयोग आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए कर रहा है। भारत ने विश्व बैंक और आईएमएफ जैसे संस्थानों से अनुरोध किया है कि वे पाक को दी जाने वाली सहायता की समीक्षा करें, क्योंकि इसका उपयोग आम लोगों के कल्याण के बजाय सैन्य खर्च और आतंकवादी गतिविधियों में हो रहा है। हाल के पाहलगाम हमले के बाद भारत ने इस मुद्दे को और जोरदार तरीके से उठाया, जिसमें उसने पाक के सैन्य बजट में 18 प्रतिशत वृद्धि और सामाजिक कल्याण पर कम खर्च को उजागर किया। गरीबी किसी व्यक्ति के मानवाधिकारों का हनन है। यह न केवल अभाव, भूख और पीड़ा का जीवन जीने की ओर ले जाती है, बल्कि मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रताओं के आनंद का भी बड़ा अवरोध है। पाक में यही स्थितियां देखने को मिल रही है।

आजादी के अमृत काल में सशक्त भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करते हुए गरीबमुक्त भारत के संकल्प को भी आकार दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार ने वर्ष 2047 के आजादी के शताब्दी समारोह के लिये जो योजनाएं एवं लक्ष्य तय किये हैं, उनमें गरीबी उन्मूलन के लिये भी व्यापक योजनाएं बनायी गयी है। विगत ग्यारह वर्ष एवं मोदी के तीसरे कार्यकाल में ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए है एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है। निश्चित रूप से इस उपलब्धि में विभिन्न कल्याण कार्यक्रमों मसलन आर्थिक विकास और ग्रामीण रोजगार योजनाओं की बड़ी भूमिका रही है। निस्संदेह, इसने सबसे गरीब तबके के लोगों की आय बढ़ाने में मदद की है। निश्चित रूप से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, बिजली, शौचालयों और आवास तक इस तबके की पहुंच बढ़ाने जैसी पहल ने ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाने में योगदान दिया है। लेकिन जहां हम गरीबी उन्मूलन में मिली सफलता पर आत्ममुग्ध हैं तो वहीं समाज में बढ़ती आर्थिक असमानता हमारी चिंता का विषय होना चाहिए। गरीबी-अमीरी के बीच के बढ़ते फासले को कम करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। पिछले साल जारी की गई विश्व असमानता रिपोर्ट 2022 से पता चलता है कि भारत में शीर्ष एक प्रतिशत लोगों की संपत्ति में बड़ा उछाल आया है। वे लोग देश की चालीस फीसदी संपत्ति नियंत्रित करते हैं।

भारत में गरीबी का मुख्य कारण बढ़ती जनसंख्या, कमजोर कृषि, भ्रष्टाचार, रूढ़िवादी सोच, जातिवाद, अमीर-गरीब में ऊंच-नीच, नौकरी की कमी, अशिक्षा, बीमारी आदि हैं। एक आजाद मुल्क में, एक शोषणविहीन समाज में, एक समतावादी दृष्टिकोण में और एक कल्याणकारी समाजवादी व्यवस्था में गरीबी रेखा नहीं होनी चाहिए। अब तक यह रेखा उन कर्णधारों के लिए शर्म की रेखा बनी रही है, जिसको देखकर उन्हें शर्म आनी चाहिए थी। एक बड़ा प्रश्न था कि जो रोटी नहीं दे सके वह सरकार कैसी? जो अभय नहीं बना सके, वह व्यवस्था कैसी? जो इज्जत व स्नेह नहीं दे सके, वह समाज कैसा? गांधी और विनोबा ने सबके उदय एवं गरीबी उन्मूलन के लिए 'सर्वोदय' की बात की। लेकिन राजनीतिज्ञों ने उसे निज्योदय बना दिया था। 'गरीबी हटाओ' में गरीब हट गए। अब तक जो गरीबी के नारे को जितना भुना सकते थे, वे सत्ता प्राप्त कर सकते थे। लेकिन अब मोदी सरकार गरीबी उन्मूलन के लिये सार्थक प्रयत्न कर रही है। मोदी सरकार की तकनीकी प्रेरित सेवाओं में उछाल के चलते, वर्ष 2000 के बाद विकास मॉडल ने गरीब वर्ग को लाभान्वित किया है। निर्विवाद रूप से सामाजिक न्याय के लिये गरीबी कम करने के साथ, कमजोर तबकों के लिये सम्मान, समानता और नीतियों में लचीलापन जरूरी है। वास्तव में गरीबी मुक्त भारत का लक्ष्य तभी पूरा हो सकता है जब सरकार की कल्याणकारी नीतियां न केवल उन्हें गरीबी के दलदल से बाहर निकालें, बल्कि उन्हें स्वावलंबी भी बनाएं।

# आतंकवाद को लेकर दो टूक बात करने का आ गया समय

भारत और चीन के रिश्तों के लिहाज से यह सप्ताह बहुत ही ज्यादा महत्वपूर्ण होने जा रहा है। लेकिन उससे पहले जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके बाद भारत की बहादुर सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बारे में भी बात करना जरूरी है। भारत के सर्वदलीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल में शामिल 59 नेताओं और पूर्व राजनयिकों ने 33 देशों की यात्रा से वापस लौटने के बाद मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।



भारत के इस प्रतिनिधिमंडल ने दुनिया भर में पाकिस्तान को बेनकाब करने की कोशिश की। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि पाकिस्तान और आतंकवाद, एक दूसरे के पर्यायवाची बन चुके हैं। हाल के दिनों में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ से लेकर पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी सहित कई नेता यह स्वीकार कर चुके हैं कि पाकिस्तान आतंकवाद को पनाह देता रहा है। अमेरिका की यात्रा पर गए बिलावल भुट्टो जरदारी का एक और बयान काफी चर्चा में है जिसमें आतंकवाद का ठीकरा उन्होंने अमेरिका पर ही फोड़ दिया है।

पाकिस्तान, अमेरिका और आतंकवाद इन तीनों के आपसी संबंधों की कहानी किसी से छिपी नहीं है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने हाल ही में स्काई न्यूज के साथ एक इंटरव्यू के दौरान बस अमेरिका की भूमिका पर फिर से मुहर लगाने का काम कर दिया था। ख्वाजा आसिफ के शब्दों पर गौर कीजिएगा। उन्होंने कहा था कि, हम करीब तीन दशक से अमेरिका और ब्रिटेन समेत पश्चिमी देशों के लिए यह गंदा काम (आतंकवाद का समर्थन) कर रहे हैं। यह एक गलती थी और हमें इसकी कीमत चुकानी पड़ी, इसीलिए आप मुझसे यह कह रही हैं। अगर हम सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध में और 9/11 के बाद की जंग में शामिल नहीं होते, तो पाकिस्तान का ट्रैक रिकॉर्ड बेदाग होता। जहां तक अमेरिका की बात है, वहां के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रवैए से उसकी पोल लगातार खुल रही है। पाकिस्तान पर एक के बाद एक अमेरिका जिस तरह की मेहरबानी कर रहा है,वह भी पूरी दुनिया देख रही है। लॉस एंजिल्स में जो कुछ हुआ उसके बाद अमेरिकी जनता को भी अहसास होने लगा है कि उन्होंने कितनी बड़ी गलती कर दी है। भारत अमेरिकी संबंधों में मचे घमासान के बीच अब हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता अपने सीमाओं की सुरक्षा और पड़ोसी देशों से बेहतर तालमेल स्थापित करना होना चाहिए। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए अब पड़ोसी चीन से दो टूक भाषा में बात करने का समय आ गया है। चीन पाकिस्तान को हर तरह की ना केवल मदद मुहैया करा रहा है बल्कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य देश होने के नाते आतंकवादी संगठनों, आतंकवादियों और पाकिस्तान के लिए ढाल का काम भी कर रहा है। चीन पाकिस्तान के बाद श्रीलंका, म्यामांर , बांग्लादेश और नेपाल के सहारे भी भारत की घेरेबंदी कर रहा है। आखिर भारत इसे कब तक बर्दाश्त कर सकता है ?

बताया जा रहा है कि, चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेईडोंग इस सप्ताह भारत की यात्रा पर आ सकते हैं। इस साल दोनों देशों के बीच यह दूसरी उच्चस्तरीय यात्रा होगी। इससे पहले, भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी जनवरी में चीन की यात्रा पर गए थे। वहां सुन और मिसरी ने आपसी रिश्तों को सामान्य करने के लिए कई मुद्दों पर सहमति जताई थी। लेकिन पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जिस तरह से चीन ने खुलकर पाकिस्तान का साथ दिया। उसके बाद से अब माहौल काफी बदल गया है।

भारतीय बाजार के बल पर अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने वाले चीन से अब यह तो पूछा ही जाना चाहिए कि वह पाकिस्तान के रास्ते पर क्यों चलना चाहता है? पाकिस्तान तो आतंकवाद को पालते-पालते एक असफल देश बन चुका है लेकिन चीन जैसे बड़े देश की आखिर क्या मजबूरी है कि उसे आतंकवादियों का साथ देना पड़ रहा है। भारत और चीन के बीच आपस में विवाद है, यह एक कड़वी सच्चाई है लेकिन दुनिया के दो प्रभावशाली और बड़े देश होने के नाते इसे सुलझाने के कई तरीके हो सकते हैं। बातचीत से अगर ये मामले सुलझ जाए तो इससे बेहतर कुछ और नहीं हो सकता लेकिन क्या चीन की सेना इतनी कमजोर हो चुकी है कि अब उसे भी भारत को परेशान करने के लिए पाकिस्तान जैसे नाकाम देश और आतंकवादियों का सहारा लेने की जरूरत पड़ रही है ?

वक्त आ गया है कि भारत को अब दो टूक शब्दों में चीन से इन सवालों का जवाब मांगना ही चाहिए क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं ही यह कह चुके हैं कि आतंकवाद और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते। आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की यह नीति सिर्फ पाकिस्तान के साथ ही नहीं अपनानी चाहिए बल्कि हर उस देश के साथ अपनानी चाहिए जो किसी भी सूरत में आतंकवादियों का बचाव करता है। भारत को यह कठोर संदेश भारत यात्रा पर आने वाले चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेईडोंग के जरिए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग तक भेजना ही चाहिए।

## पदोन्नत छात्रावास अधीक्षकों की काउंसिलिंग 15 जून को

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** छत्तीसगढ़ शासन, आदिम जाति विकास विभाग मंत्रालय, महानदी भवन नया रायपुर अटल नगर द्वारा जारी पत्रानुसार 10 जून 2025 के माध्यम से वर्ष 2022, 2023 एवं 2025 में पदोन्नत हुए छात्रावास अधीक्षकों की काउंसिलिंग के माध्यम से पदस्थापना हेतु निर्देश प्राप्त हुए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में कार्यरत छात्रावास अधीक्षकों के लिए आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, अटल नगर, नया रायपुर के मार्गदर्शन में छात्रावास अधीक्षक श्रेणी 'स' एवं 'द' की अंतिम पदक्रम सूची 1 अप्रैल 2024 की स्थिति में प्रसारित सूची के आधार पर वरिष्ठता सूची तैयार कर प्रकाशन किया गया है। यदि किसी अधीक्षक को इस सूची में कोई आपत्ति हो तो वह 14 जून 2025 को सायं 3 बजे तक अपना दावा या आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। सभी दावा-आपत्तियों के निराकरण के पश्चात 15 जून 2025 को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में काउंसलिंग आयोजित की जाएगी, जिसमें पदोन्नत अधीक्षकों की नवीन पदस्थापना सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में दावे प्रस्तुत करने तथा काउंसलिंग में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

# बिहान योजना के तहत लोकोस ट्रांजैक्शन मॉड्यूल पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न






**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना के अंतर्गत आयोजित पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज सफल समापन हुआ।


यह प्रशिक्षण 09 जून से 13 जून 2025 तक आयोजित किया गया था, जिसमें जिले के विभिन्न विकासखण्डों से आए हुए वॉइस ऑर्गेनाइजेशन और स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य लोकोस प्लेटफॉर्म में ट्रांजेक्शन मॉड्यूल की तकनीकी समझ विकसित करना और डिजिटल लेन-देन की कार्यप्रणाली को मजबूत करना था। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को VO और SHG के वित्तीय लेनदेन, बचत, इंटरलोनिंग, ऋण वितरण एवं पुनर्भुगतान की समुचित एंट्री, मासिक प्रगति रिपोर्ट तैयार करना, डेटा अपलोडिंग तथा मॉनिटरिंग की तकनीकी विधियों का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में विशेषज्ञ मास्टर ट्रेनर्स ने व्यावहारिक सत्रों और समूह चर्चाओं के माध्यम से सहभागियों को सटीक और सहज तरीके से ट्रांजैक्शन मॉड्यूल के उपयोग की बारीकियों से अवगत कराया। प्रशिक्षण के दौरान महिला सदस्यों ने डिजिटल टूल्स को अपनाने की उत्साहजनक पहल दिखाई और स्वयं की संस्था को पारदर्शी तथा सशक्त बनाने के संकल्प को दोहराया ।

प्रशिक्षण का आयोजन बिहान जिला टीम द्वारा किया गया था जिसमें तकनीकी सहयोग और व्यवस्थापन की जिम्मेदारी जिला मिशन प्रबंधन इकाई के अधिकारियों एवं प्रशिक्षकों ने निभाई। समापन अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक सहित अन्य अधिकारियों ने प्रतिभागी सदस्यों को प्रमाणपत्र प्रदान कर प्रशिक्षण पूर्ण करने पर बधाई दी और उन्हें डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

प्रशिक्षण में महिला समूहों की सहभागिता और उनकी सीखने की प्रतिबद्धता ने यह साबित कर दिया कि ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर दृढ़ता से अग्रसर हैं और बिहान योजना उनके सपनों को साकार करने का सशक्त माध्यम बन रही है।

# जलप्रपातों के आसपास नहाने और सेल्फी लेने वालों पर होगी कड़ी कानूनी कार्रवाई



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में अनेक खूबसूरत जलप्रपात स्थित हैं, जिनमें अमृतधारा, रमदहा तथा कर्म घोंघा जिले की प्रमुख जलप्रपात हैं। इन प्राकृतिक स्थलों पर लगातार पर्यटकों की भीड़ उमड़ती है, लेकिन लापरवाही भरे व्यवहार से कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं।

विगत दिवस नागपुर तहसीलदार समीर शर्मा के नेतृत्व में अमृतधारा जलप्रपात पर कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार कृष गुप्ता पिता राजेंद्र प्रसाद गुप्ता उम्र 19 वर्ष निवासी बस स्टैंड के पास मनेंद्रगढ़ तथा मोहम्मद अरशद पिता समीम कुरैशी उम्र 20 वर्ष निवासी लोको कॉलोनी मनेंद्रगढ के दोनों युवक अमृतधारा जलप्रपात पर पहुंचे थे। इन्हें जलप्रपात के नीचे पानी के बेहद करीब नहाते हुए देखा गया, जिसके चलते इन्हें तत्काल गिरफ्तार कर थाना नागपुर ले जाया गया। थाने में परिजनों के निवेदन पर दोनों युवकों को सख्त समझाइश देकर रिहा किया गया।

यह पहला मामला नहीं है, इससे पूर्व भी जिले के विभिन्न जलप्रपातों में इस तरह की लापरवाहियों के कारण कई दुर्घटनाएं घटित हो चुकी हैं। इन्हीं घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने सख्त चेतावनी जारी की है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई भी व्यक्ति चाहे वह अकेले हो या समूह में जलप्रपात के आसपास नहाते हुए या सेल्फी लेते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कानूनी प्रकरण दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने सभी पर्यटकों से अपील की है कि वे सुरक्षा मानकों का पालन करें और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद सुरक्षित दूरी से लें।

# सीईओ बोली- जनपद पंचायत उपाध्यक्ष के पति ने दी धमकी

### मनेंद्रगढ़ में बैठक के दौरान अभद्रता का आरोप; कलेक्टर से मांगी सुरक्षा




**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** मनेंद्रगढ़ जनपद पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में विवादों हुआ है। बैठक में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ज्योति गुप्ता के पति आनंद गुप्ता ने शासकीय कार्य में बाधा डाली। सीईओ वैशाली सिंह ने आरोप लगाया कि उन्हें धमकाया गया और सार्वजनिक रूप से अपमानित किया गया।

अमृत सदन सभागार में आयोजित बैठक में 23 विभागों के अधिकारी, सांसद-विधायक प्रतिनिधि और जनपद सदस्य मौजूद थे। बैठक शुरू होते ही उपाध्यक्ष ज्योति गुप्ता, उनके पति और कुछ महिला सदस्यों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। उन्होंने कहा कि अगर उनके पति बैठक में नहीं रहेंगे तो वे भी शामिल नहीं होंगी।

सीईओ ने जब नियमों का हवाला देकर बताया कि गैर-सदस्य बैठक में नहीं रह सकते, तब उपाध्यक्ष और उनके पति ने बहस शुरू कर दी। आनंद गुप्ता ने सीईओ को धमकी दी कि भविष्य में उनकी मौजूदगी के बिना कोई बैठक नहीं होगी। साथ ही उन्हें पद से हटवाने की धमकी भी दी। सीईओ ने सुरक्षा की मांग की है।

**कलेक्टर को पत्र लिखकर मांगी सुरक्षा**

उपाध्यक्ष ने कहा कि उन्हें विभाग की जानकारियों से कोई मतलब नहीं है। उन्हें सिर्फ जनपद निधि की जानकारी चाहिए। सीईओ वैशाली सिंह ने कलेक्टर को पत्र लिखकर अपनी सुरक्षा की मांग की है। उन्होंने कार्यालय और निवास स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है। इस मामले को भारतीय दंड संहिता की धारा 186 के तहत कार्रवाई योग्य बताया गया है।

# रायपुर में शादी समारोह में बलवा, बिजली लाइन काटकर अंधेरे में मेहमानों को पीटा



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** रायपुर में शादी समारोह में असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया है। आरोपियों ने हमले से पहले बिजली लाइन काटकर मीटर को तोड़ दिया। फिर घर के अंदर घुसकर मेहमानों को पीटा। बाहर खड़ी बाइक और कार में तोड़फोड़ कर जला दिया। मामला धरसींवा थाना क्षेत्र के नगरगांव का है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि विवाद लड़कों के बीच महिलाओं पर कमेंट करने से शुरू हुआ। पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ितों की जान बचाई। सभी घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वारदात में शामिल 17 आरोपियों की पहचान की गई है।

वहीं FIR दर्ज होने के बाद जनपद पंचायत सदस्य और सरपंच पति ने दोनों पक्षों को समझौते के लिए ग्राम पंचायत नगरगांव में बैठक बुलाई। पीड़ित परिवार को रायपुर से पंचायत स्थल पर लाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में गांव के बुजुर्ग और युवा महिलाएं शामिल हुईं। घर के बाहर खड़ी स्विफ्ट, स्कॉर्पियो आधे दर्जन से ज्यादा दोपहिया वाहनों में जमकर तोड़ फोड़ की गई।

धरसींवा थाना प्रभारी राजेन्द्र दीवान से मिली जानकारी के मुताबिक, गजानंद निषाद ने थाने में शिकायत की, जिसमें बताया कि 11 जून को रात 9:30 बजे घर पर उनके बेटे रूपेंद्र कुमार निषाद का विवाह समारोह था, तभी गांव के 12 से ज्यादा लोगों ने घर के भीतर पत्थर फेंकने शुरू कर दिए।

इस दौरान आरोपियों ने बिजली कनेक्शन काट दिया और मीटर को भी तोड़ दिया। गजानंद ने बताया कि उसे, उनकी पत्नी माधुरी निषाद, बेटा पुनेद्र निषाद, नीलकंठ वर्मा और उनकी पत्नी पुष्पा वर्मा, दोनों पुरुष और महिला पर बेरहमी से हमला किया।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ितों की जान बचाई। सभी घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से एक गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है। वारदात के बाद आक्रोशित पीड़ितों की भीड़ धरसींवा थाने पहुंच गई। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

धरसींवा थाना क्षेत्र के नगरगांव में गांव के लोगों ने घर में घुसकर पीटा और गाड़ियों में तोड़फोड़ की। आगे गजानंद ने बताया आरोपियों ने घर के भीतर घुसने के लिए दरवाजा तोड़ दिया। फिर सभी मेहमानों को जान से मारने की धमकी दी। कुछ मेहमानों ने जब विरोध किया तो लाठी और पत्थरों से उनसे मारपीट की गई। इसके बाद घर के बाहर खड़ी स्विफ्ट, स्कॉर्पियो आधे दर्जन से ज्यादा दोपहिया वाहनों में तोड़फोड़ की गई। इस दौरान आरोपियों ने गाड़ियों में आग भी लगाई। जिसे परिवार के लोगों ने बुझाया।

आरोपियों ने शादी में दंपती को मिले गिफ्ट सामान को भी तोड़फोड़ दिया। पीड़ित के मुताबिक, करीब 10 लाख का नुकसान हुआ है। उसका कहना है कि इस घटना के बाद परिवार बुरी तरह डरा हुआ है। उसने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में पुलिस ने मुकेश शर्मा, मुकुंद वर्मा, झुमूक निषाद, प्रदीप निषाद, मनीष साहू समेत 17 आरोपियों के खिलाफ नामजद FIR दर्ज की है।

**पुलिस बोली-महिलाओं पर टिप्पणी से विवाद**

मामले में पुलिस का कहना है कि यह पूरा विवाद महिलाओं पर कमेंट से शुरू हुआ था। शुरुआत में लड़ाई लड़कों के बीच थी। जिसमें बाद में गांव के लोग भी शामिल हो गए। ऐसा कहा जा रहा है कि पूरे विवाद के पीछे कुछ सामाजिक धार्मिक कारण थे। लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।

## रायपुर में ट्रक ने साइकिल को मारी टक्कर, बाल-बाल बची जान



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** रायपुर में ट्रक ने साइकिल को टक्कर मार दी। इस घटना में साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं साइकिल सवार की जान बाल-बाल बची। तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर एक दुकान की ओर बढ़ा लेकिन दुकान के सामने बोरिंग से टकराकर रुक गया। जिससे की एक बड़ा हादसा टल गया। दुकान के भीतर मलिक समेत का स्टाफ मौजूद थे।

ये घटना रायपुर जिले के गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र की है। बताया जा रहा है कि नवापारा के चंपारण चौक के पास तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर साइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल सवार ने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई।

घटना में साइकिल बुरी तरह चकनाचूर हो गई। साइकिल को टक्कर मारने के बाद ट्रक सामने बोरिंग से जा टकराया। जिससे ट्रक की गति कम हो गई और वह बोरिंग के ठीक सामने स्थित एक दुकान के सामने रुक गया। जिससे बड़ा हादसा टल गया।

दुकान के अंदर संचालक और कर्मचारी मौजूद थे। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पेट्रोलिंग और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में किया।

# बिलासपुर में लगेगा कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट, रोजाना 10 टन बायोगैस का उत्पादन






**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** बिलासपुर के कछार गांव में कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट की स्थापना की जाएगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ की उपस्थिति में भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड, नगर निगम बिलासपुर और छत्तीसगढ़ बायो फ्यूल विकास प्राधिकरण के बीच त्रिपक्षीय समझौता हुआ।नगर निगम ने प्लांट स्थापना के लिए कछार में 10 एकड़ जमीन बीपीसीएल को रियायती दर पर दी है।

प्लांट में रोजाना 150 मीट्रिक टन नगरीय ठोस अपशिष्ट से 5 से 10 मीट्रिक टन बायोगैस का उत्पादन होगा।इस संयंत्र से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हर साल लगभग 30 हजार मानव दिवस रोजगार मिलेगा। संयंत्र निर्माण के दौरान भी रोजगार के अवसर बनेंगे।

बता दें कि 17 जनवरी 2025 को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप-मुख्यमंत्री अरूण साव की उपस्थिति में बिलासपुर सहित राज्य के 5 नगर पालिक निगमों में ऐसे संयंत्र स्थापित करने का एमओयू हुआ था। संयंत्र से प्राप्त जैविक खाद से जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा। संयंत्र की स्थापना से ग्रीन हाऊस गैस के उत्सर्जन में कमी आएगी और पर्यावरण स्वच्छ होगा। कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) के उपयोग से शहर नेट जीरो उत्सर्जन प्राप्ति की दिशा में अग्रसर होगा।सीबीजी संयंत्र के पूर्ण क्षमता के साथ उत्पादन और विक्रय से हर साल 1 करोड़ रूपए जीएसटी के रूप में प्राप्त होगा।

**कोनी में इंटीग्रेटेड एनर्जी यूनिट,बीपीसीएल ने दी सहमति**

वाहनों में बायोगैस रिफिलिंग और इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग के लिए इंटीग्रेटेड एनर्जी यूनिट की स्थापना के लिए भी नगर निगम और बीपीसीएल के मध्य सहमति हुई है। कोनी बस डिपो के पास बीपीसीएल को इसके लिए जमीन मुहैया कराई जाएगी।

उत्पादित बायो गैस को इस इंटीग्रेटेड एनर्जी यूनिट में बायो गैस ईंधन से चलने वाले वाहनों में भरा जाएगा। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में हुए समझौते के दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## रीवा/सतना की खबरें

## संभागीय अधिकारियों ने जल संरक्षण कार्यों का लिया जायजा

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा संभाग के सभी जिलों में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण तथा संवर्धन के कार्य किए जा रहे हैं। कमिश्नर बीएस जामोद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान की मानीटरिंग के लिए संभागीय अधिकारियों के दल तैनात किए गए हैं। इन दलों द्वारा लगातार जल संरक्षण कार्यों का जायजा लिया जा रहा है। दल के सदस्यों ने सतना जिले के जनपद पंचायत रामपुर बघेलान की ग्राम पंचायत छिबौरा में खेत तालाब निर्माण, कुएं में रिचार्ज पिट निर्माण तथा सोकपिट निर्माण का जायजा लिया। एक अन्य दल ने रीवा जिले के ग्राम रीठी और जिउला ग्रामों में जल गंगा संवर्धन अभियान में भागीदारी निभाई। दल के सदस्यों द्वारा इन गांवों में बनाए जा रहे चार खेत तालाबों तथा जल संरक्षण के अन्य कार्यों का जायजा लिया गया। इन दलों में अधीक्षण यंत्री ऊर्जा प्रमा पाण्डेय, महाप्रबंधक ग्रामीण विकास अभिकरण एसके मिश्रा, सहायक संचालक खनिज बसंतराम, सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ एमएल गुप्ता तथा अन्य अधिकारी शामिल रहे। दल के सदस्यों ने सरपंच, पंच एवं ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान 15 से 30 जून तक

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले में 15 से 30 जून तक धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अभियान के तहत जनजाति बहुल ग्रामों में शिविर लगाकर पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। साथ ही उन्हें स्वास्थ्य रक्षा, शिक्षा एवं स्वच्छ पेयजल के उपयोग के संबंध में जागरूक किया जाएगा। अभियान के दौरान मौके पर ही आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना तथा जनधन योजना के आवेदन प्राप्त करके हितग्राहियों को इन योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इन शिविरों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिकल सेल एनीमिया एवं अन्य रोगों के निःशुल्क जाँच की भी व्यवस्था की जाएगी। अभियान के तहत शिविरों के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग, खाद्य विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, कृषि विभाग तथा राजस्व विभाग सहित सभी विभागों में समन्वय से हर पात्र हितग्राही को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, एसडीएम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को शिविरों का स्थान निर्धारित करके समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि सभी संबंधित अधिकारी शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में हर पात्र हितग्राही को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाएं।

## कमिश्नर आज करेंगे कृषि तथा उनसे जुड़े विभागों की समीक्षा

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कमिश्नर कार्यालय में 14 जून को दोपहर 3 बजे से आयोजित बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद कृषि तथा उससे जुड़े विभागों के कार्यों की समीक्षा करेंगे। बैठक में 18 जून को प्रस्तावित कृषि उत्पादन आयुक्त की समीक्षा बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं की विभागवार समीक्षा की जाएगी। संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी ने बताया कि बैठक में दोपहर 3 से 4 बजे तक कृषि, सहकारिता, मण्डी बोर्ड, बीज निगम, कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि अभियांत्रिकी तथा विपणन संघ की समीक्षा की जाएगी। शाम 4 से 4.30 बजे तक पशुपालन एवं डेयरी तथा शाम 4.30 बजे से 5 बजे तक उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण और शाम 5 से 5.30 तक मछलीपालन विभाग की समीक्षा की जाएगी।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में लगातार हो रहे जल संरक्षण के कार्य

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा और मऊगंज जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वर्षाजल को सहेजने के लिए जल संरक्षण के कार्य लगातार किए जा रहे हैं। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि अभियान के तहत रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मढ़ी में रामायण त्रिपाठी द्वारा खेत तालाब का निर्माण किया जा रहा है। इसी गांव में चेकडैम निर्माण का सहायक यंत्री तथा उपयंत्री ने निरीक्षण किया। अभियान के तहत धीरेन्द्र पटेल द्वारा खेत तालाब का निर्माण किया जा रहा है। मढ़ी में ही सहायक यंत्री तथा उपयंत्री ने चंदेरहा तालाब के गहरीकरण और मेड़ सुधार के कार्य का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत पलिया 351 में अभियान के तहत सतीश तिवारी तथा बीएस तिवारी द्वारा खेत तालाब का निर्माण किया जा रहा है। ग्राम देवगांव में दयाभाई पटेल भी जल संरक्षण के लिए खेत तालाब का निर्माण कर रहे हैं। मऊगंज जिले की ग्राम पंचायत सरई सेंगर में पंचायत द्वारा दो ट्यूबवेलों में रिचार्ज पिट का निर्माण किया गया है। सहायक यंत्री तथा उपयंत्री ने निर्माण कार्य का मौके पर निरीक्षण किया। सहायक यंत्री अंकिता सोहगौरा ने रिचार्ज पिट के संबंध में तकनीकी जानकारी दी। अभियान के तहत पीएचई विभाग द्वारा नलजल योजनाओं की पाइपलाइनों में सुधार का कार्य किया जा रहा है। कार्यपालन यंत्री संजय पाण्डेय ने विभागीय अमले तथा ग्राम पंचायत के सहयोग से ग्राम पंचायत टीकर में पाइपलाइन में सुधार करके पानी की आपूर्ति शुरू कराई। विकासखण्ड सिरमौर में ग्राम पड़री में नया बोरवेल कराकर पानी की आपूर्ति शुरू की गई। रीवा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत रहट में पाइपलाइन में सुधार कराकर पानी की आपूर्ति शुरू कराई गई। अभियान के तहत मऊगंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सगरा, पटपरा, पलिया त्रिवेणी सिंह तथा देवतालाब में बनाए जा रहे खेत तालाब निर्माण का जनपद के सीईओ तथा सहायक यंत्री द्वारा निरीक्षण किया गया। अभियान के तहत ग्राम पंचायत रौरा और नवागांव में भी खेत तालाब का निर्माण किया जा रहा है। सभी निर्माण कार्य एक सप्ताह में पूरे कर लिए जाएंगे। ग्राम पंचायत अतरैला में भी खेत तालाब का निर्माण किया जा रहा है। इसका परियोजना अधिकारी मनरेगा शिव सोनी, सहायक यंत्री नमिता तथा उपयंत्री द्वारा निरीक्षण किया गया। इन अधिकारियों ने ग्राम पंचायत घटेहा में बनाए जा रहे अमृत सरोवरों का भी निरीक्षण किया।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन आज

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून के अवसर पर जिला चिकित्सालय में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर सुबह 10 बजे से आरंभ होकर शाम 4 बजे तक संचालित होगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने रक्तदान शिविर में रक्तदान के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक रक्तदाताओं को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर ने शैक्षणिक संस्थाओं, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस के छात्र-छात्राओं सहित अधिकारियों, कर्मचारियों और स्वयंसेवी संगठनों को भी शिविर में रक्तदान के लिए आगे आने का आह्वान किया है।

## मजदूरों के बच्चों को मिलेगी छात्रवृत्ति

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा पंजीकृत बीड़ी मजदूरों तथा खदान मजदूरों के बच्चों को शिक्षा सत्र 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया दो जून से प्रारंभ हो गई है। प्री मैट्रिक और पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 31 अगस्त 2025 तक आवेदन ऑनलाइन दर्ज किए जा सकते हैं। दर्ज आवेदनों में से प्री मैट्रिक विद्यार्थियों के आवेदनों का सत्यापन 15 सितम्बर तथा पोस्ट मैट्रिक विद्यार्थियों के आवेदनों का सत्यापन 15 नवम्बर तक किया जाएगा।

## एअर इंडिया के विमान की थाईलैंड में इमरजेंसी लैंडिंग

**बैंकॉक ( एजेंसी )।** थाईलैंड के फुकेट इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-379 की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। यहां प्लेन में बम होने की सूचना मिली थी। विमान में 156 लोग सवार थे। फ्लाइट फुकेट से दिल्ली आ रही थी। फ्लाइट ट्रैकर फ्लाइट्रेडर24 के हवाले से बताया कि एअर इंडिया की फ्लाइट ने फुकेट एयरपोर्ट से भारतीय समयानुसार सुबह 9.30 बजे (स्थानीय समयानुसार दोपहर 2.30 बजे) टेकऑफ किया था। विमान अंडमान सागर के ऊपर एक बड़ा चक्कर लगाते हुए पलटा और करीब 20 मिनट बाद फुकेट में सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिग की। सभी यात्री और क्रू सेफ हैं, किसी को भी कोई नुकसान नहीं हुआ है। नेशन थाईलैंड ने बताया कि बम की धमकी मिलते ही फुकेट एयरपोर्ट ने एयरपोर्ट कंटिन्जेंसी प्लान एक्टिवेट कर दिया। एयरपोर्ट अफसरों ने कहा कि धमकी को लेकर सभी जरूरी कदम उठाए गए हैं। ज्यादा जानकारी मिलने पर अपडेट दिया जाएगा।

## यूपी-एमपी सहित 9 राज्यों में हीटवेव, राजस्थान-हरियाणा में रेड अलर्ट

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश में मानसून 29 मई से मुंबई-छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर रुका है। साउथ और नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों को छोड़कर सभी राज्यों में भीषण गर्मी पड़ रही है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित 9 राज्यों में आज हीटवेव का अलर्ट है। राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और दिल्ली में भीषण गर्मी का रेड अलर्ट है। यहां तापमान 45 डिग्री से ऊपर जा सकता है। वहीं, हरियाणा के 9 जिलों में दिन का तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मध्य प्रदेश के उज्जैन, सागर, ग्वालियर-चंबल संभाग के 12 जिलों में लू चलने की चेतावनी है। वहीं, राजस्थान के भी 22 जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। गुरुवार को श्रीगंगानगर, कोटा, बीकानेर सहित कई जिलों में तापमान 45 डिग्री के पार रहा। दूसरी तरफ, मौसम विभाग ने कर्नाटक, गोवा, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, तेलंगाना और उत्तराखंड में भारी बारिश की संभावना जताई है। कर्नाटक के हुबली में गुरुवार को भारी बारिश हुई। इससे कई जगह बिल्डिंग के बेसमेंट और सड़कों पर पानी भर गया। तेलंगाना के आदिलाबाद जिले में गुरुवार को अलग-अलग जगहों पर भारी बारिश के साथ बिजली गिरने से पांच महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई।

## भारत में कोरोना मामलों में आई गिरावट

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत को कोविड-19 महामारी से जूझते हुए एक अहम और सकारात्मक मोड़ मिला है। लंबे समय से संक्रमण के बढ़ते आंकड़ों के बीच अब पहली बार राहत की खबर सामने आई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा 13 जून को जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोविड के एक्टिव मामलों में गिरावट देखी गई है।

# ईरान-इजराइल संघर्ष के बीच नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री मोदी से बात की



**तेहरान/तेल अवीव ( एजेंसी )।** ईरान से जारी संघर्ष के बीच इजराइली पीएम नेतन्याहू ने पीएम मोदी से फोन पर बात कर मिडिल ईस्ट के हालात की जानकारी दी। नेतन्याहू अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति पुतिन से भी बात करेंगे। इजराइल ने शुक्रवार सुबह 200 फाइटर जेट्स से ईरान के 6 ठिकानों पर हमला किया था। इसमें 4 परमाणु ठिकाने और 2 मिलिट्री साइट्स को निशाना बनाया। रॉयटर्स के मुताबिक, इसमें कम से कम ईरान के 20 टॉप कमांडर मारे गए, जिसमें आर्मी और एयरफोर्स चीफ भी शामिल हैं। इसके बाद ईरान ने दोपहर में इजराइल पर जवाबी हमला किया और 100 से ज्यादा ड्रोन दागे। इजराइली सेना ) ने दावा किया है कि उन्होंने सभी ड्रोन मार गिराए। अभी तक एक भी ड्रोन इजराइल की सीमा में नहीं पहुंचा। इससे पहले आज सुबह इजराइल ने ईरान पर 200 फाइटर जेट्स से हमला किया था। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, इजराइली सेना ने तेहरान के आसपास कम से कम 6 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इन 6 में से 4 जगहों पर परमाणु ठिकाने भी मौजूद हैं। ईरान के सरकारी मीडिया ने पुष्टि की है कि इजराइली हमले में इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के कमांडर हुसैन सलामी की मौत हो गई है।

## पता लगाओ कि दुर्घटना कैसे हुई और कौन जिम्मेदार है-खरगे

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार दोपहर हुई दर्दनाक विमान दुर्घटना को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने गहरा दुख व्यक्त किया है।खड़गे ने कर्नाटक के कलबुर्गी में जल्दी बुलाए गए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना जताई और घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में कांग्रेस पार्टी के साथ-साथ अन्य संगठनों के कार्यकर्ताओं को भी पीड़ित परिवारों की मदद के लिए आगे आना चाहिए।

## अहमदाबाद विमान हादसा, 270 शव बरामद



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अहमदाबाद में एअर इंडिया फ्लाइट ए-171 हादसे के 27 घंटे बाद शुक्रवार को एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो ने ब्लैक बॉक्स को खोज लिया है। यह हॉस्टल की छत पर मिला। इसके जरिए पता चल सकेगा कि क्रैश होने के पहले आखिरी पलों में क्या हुआ था। एअर इंडिया की फ्लाइट में 12 क्रू मेंबर समेत 242 लोग मौजूद थे। इसमें से एक यात्री की जान बच गई। मरने वालों में राजस्थान से 13, एमपी, हरियाणा और बिहार के एक-एक लोग शामिल हैं। उधर, पूर्व सीएम रूपाणी के शव की पहचान भी अब तक नहीं हो पाई है। मृतकों की पहचान के लिए उनके परिजन के डीएनए टेस्ट लिए जा रहे हैं। रेक्स्यू टीम ने 270 लोगों के शव बरामद कर लिए हैं। इनमें से 7 की बॉडी को डीएनए टेस्ट के बाद परिजन को सौंप दी गई है। 241 मृतक विमान में सवार पैसेंजर्स और क्रू मेंबर्स थे। 5 मृतक उस बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल के हैं, जहां प्लेन क्रैश हुआ था। हादसे के वक्त हॉस्टल में 50 से ज्यादा लोग मौजूद थे। सिविल अस्पताल में अब तक 270 से ज्यादा शवों का पोस्टमॉर्टम हो चुका है। इसके अलावा, 220 लोगों की डीएनए सैंपलिंग की जा चुकी है।

## उज्जैन में राजा का पिंडदान, सोनम का भाई भी पहुंचा



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** मेघालय पुलिस इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या के पांचों आरोपियों से आज शुक्रवार को भी पूछताछ कर रही है। शिलॉन्ग के सदर थाने के लॉकअप में बंद आरोपियों की आपसी बातचीत पर पुलिसकर्मी नजर रख रहे हैं। हालांकि, ये लोग ज्यादातर समय शांत ही रहते हैं। सूत्रों के मुताबिक, सोनम समेत सभी आरोपियों ने पुलिस से नॉर्थ इंडियन भोजन की मांग की। पुलिस ने उन्हें खाना मंगाकर दिया। इधर, राजा के परिजन उज्जैन पहुंचे। उन्होंने शिप्रा में राजा का पिंडदान किया। उनके साथ सोनम का भाई गोविंद भी पहुंचा। गोविंद ने कहा- मैं आज भी राजा के परिवार को अपने जीजा का नहीं, बल्कि भाई का परिवार मानता हूं। पूजन में राजा के परिवार के साथ सिद्ध वट घाट आया हूं।

अगर मुझे राज और सोनम के अफेयर के बारे में पहले से पता होता, तो मैं दोनों की शादी करवा देता या कहता कि भाग जाएं।

## उमर अब्दुल्ला बोले- ईरान पर इजराइल का हमला 'पूरी तरह अनुचित



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को कहा कि ईरान पर इजराइल का हमला ''पूरी तरह अनुचित है, क्योंकि इस्लामी गणराज्य ने यहूदी राष्ट्र को उसके खिलाफ युद्ध छेड़ने का कोई कारण नहीं दिया था। अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''जहां तक मुझे पता है, ईरान ने इजराइल को तेहरान पर हमला करने का कोई कारण नहीं दिया था। इजराइल ने इसे एहतियातन हमला बताते हुए अपनी इच्छा से ईरान के खिलाफ युद्ध छेड़ा है। अब्दुल्ला ने कहा कि यदि विश्व शक्तियां इजराइल की आक्रामकता पर चुप रहती हैं, तो यह ''बहुत दुर्भाग्यपूर्ण होगा। इजराइल ने शुक्रवार की सुबह ईरान की राजधानी तेहरान पर हमला किया, जिसमें देश के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाया गया और पश्चिम एशिया के दो धुर विरोधियों के बीच एक पूर्ण युद्ध की आशंका को बढ़ा दिया। ऐसा प्रतीत होता है कि 1980 के दशक में इराक के साथ युद्ध के बाद ईरान पर यह सबसे बड़ा हमला है। अब्दुल्ला ने कहा, ''आज, इजराइल ने वही किया जो रूस ने यूक्रेन के साथ किया था।

## ईंधन जलने से तापमान बहुत अधिक होने के कारण किसी को बचाने की गुंजाइश ही नहीं थी-शाह



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के विमान का तापमान ईंधन जलने के कारण इतना अधिक था कि किसी को बचा पाने की कोई गुंजाइश ही नहीं थी। शाह ने संवाददाताओं से कहा, ''विमान के अंदर 1.25 लाख लीटर ईंधन था। विमान गर्म हो गया था, इसलिए किसी को भी बचाने की गुंजाइश नहीं थी।'' उन्होंने कहा कि इस त्रासदी के बाद पूरा देश गहरे सदमे में है। शाह ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजन के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा, ''अधिकारी मृतकों की संख्या डीएनए की जांच और पीड़ितों की पहचान के बाद आधिकारिक तौर पर जारी करेंगे।'' शाह ने कहा, ''अच्छी खबर यह है कि दुर्घटना में एक व्यक्ति बच गया है और मैं उससे मिलने के बाद यहां आया हूं।''

## ट्रंप ने नौंवी बार किया भारत-पाक संघर्ष रोकने का दावा, जयराम रमेश



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक ताजा बयान का हवाला देते हुए शुक्रवार को कहा कि ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने का दावा नौंवी बार किया है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस पर '' चुप्पी साधे हुए हैं।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ' एक्स पर ट्रंप की टिप्पणी का एक वीडियो क्लिप साझा किया, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपना यह दावा दोहराया कि उन्होंने '' भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाया और इसे '' व्यापार का हवाला देकर रोका। रमेश ने कहा , '' जहां हमारा देश अहमदाबाद विमान हादसे पर शोक में डूबा हुआ है, वहीं राष्ट्रपति ट्रंप लगातार नौवीं बार भारत और पाकिस्तान को लेकर अपने दावे कर रहे हैं। यह कल वाशिंगटन डीसी के कैनेडी सेंटर में उनका बयान था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इन दावों पर चुप्पी साधे हुए हैं।

## अहमदाबाद विमान हादसे में पटना की मनीषा ने गंवाई जान



**पटना ( एजेंसी )।** अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश में अब तक 265 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं। इनमें से 241 मृतक विमान में सवार पैसेंजर्स और क्रू मेंबर्स थे। 5 मृतक उस मेडिकल हॉस्टल के हैं, जहां प्लेन क्रैश हुआ था। विमान हादसे में जान गंवाने वालों में पटना की मनीषा थापा भी शामिल हैं। मनीषा का पूरा परिवार पटना में बीएसएपी ग्राउंड से कुछ दूरी पर जगदेव पथ इलाके में श्यामा अपार्टमेंट के पास रहता है। हादसे की जानकारी मिलने के बाद मनीषा का परिवार पटना से अहमदाबाद के लिए रवाना हो गया है।

## प्लेन क्रैश में बचे इकलौते यात्री से मिले प्रधानमंत्री



**अहमदाबाद ( एजेंसी )।** अहमदाबाद प्लेन हादसे में जिंदा बचे इकलौते यात्री रमेश विश्वास कुमार ने बताया कि मुझे विश्वास नहीं होता कि मैं कैसे जिंदा बाहर निकला। शायद दरवाजा टूटा और सीट समेत नीचे गिर गया। मुझे कुछ याद नहीं था। रमेश कुमार अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में भर्ती हैं। पीएम मोदी ने शुक्रवार को उनसे मुलाकात की और हालचाल जाना। दोनों के बीच करीब 10 मिनट बातचीत हुई। इसके बाद रमेश ने बातचीत में कहा, पीएम ने उनका हालचाल जाना और पूछा कि हादसा कैसे हुआ। रमेश प्लेन की 11ए सीट पर बैठे थे। हादसे के बाद वे घटनास्थल से खुद पैदल चलकर बाहर निकले।

सवाल-हादसा कैसे हुआ? जवाब- सब कुछ मेरे सामने हुआ। मुझे पता नहीं कैसे यह हुआ। मुझे विश्वास नहीं होता कि मैं कैसे जिंदा बाहर निकला। थोड़े वक्त के लिए लगा था कि मैं भी मरने वाला हूं। मेरी आंख खुली तो लगा कि मैं जिंदा हूं। मैंने सोचा मैं यहां से निकल सकता हूं और मैं निकल गया। सवाल- फ्लाइट के टेक ऑफ होते ही क्या हुआ? जवाब- टेक ऑफ होते ही पांच-दस सेकेंड के अंदर लगा कि स्टाप हो गया हो है। बाद में ग्रीन और व्हाइट लाइट ऑन हो गई। फिर जैसे ही स्पीड बढ़ाई। उसी समय गिर गया और धमाका हो गया। सवाल- जब फ्लाइट हॉस्टल पर गिरी तभी आप बाहर निकले थे। जवाब- मेरी सीट प्लेन के जिस हिस्से में थी, वो बिल्डिंग के निचले हिस्से से टकराया होगा।

## सीतारमण के खिलाफ सोमनाथ भारती की पत्नी की मानहानि याचिका पर 26 जून को सुनवाई



नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक सोमनाथ भारती की पत्नी लिपिका मित्रा की ओर से केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि शिकायत की सुनवाई के लिए 26 जून की तारीख तय की है। लिपिका मित्रा ने सीतारमण पर आरोप लगाया है कि वित्त मंत्री ने सोमनाथ भारती से उनके (लिपिका के) वैवाहिक विवाद को लेकर बयान दिए थे। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पारस दलाल ने सीतारमण के वकील के अनुरोध पर सुनवाई स्थगित कर दी।

## वन संरक्षण के साथ ही वन संपदाओं को आजीविका से जोड़ने का प्रयास करें अधिकारी-धामी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बृहस्पतिवार को अधिकारियों को वनों के संरक्षण के साथ ही वन संपदाओं को लोगों की आजीविका से जोड़ने की दिशा में विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। यहां वन्यजीव बोर्ड की 21वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड वनों की बहुलता वाला प्रदेश है इसलिए वन संपदाओं को आर्थिकी से जोड़ने के प्रयास किये जाने चाहिए। उन्होंने इसके लिए वन विभाग और वित्त विभाग को बैठक करने के निर्देश दिए। धामी ने अधिकारियों को इकोलॉजी और इकोनॉमी में संतुलन बनाते हुए आगामी 10 वर्षों के लिए विस्तृत योजना बनाते हुए वन क्षेत्रों के आस-पास ईको-टूरिज्म की गतिविधयों को बढ़ावा देने को भी कहा। उन्होंने मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को कम करने के साथ ही ऐसी घटनाओं में त्वरित मुआवजा वितरण के लिए डिजिटल ट्रैकिंग प्रणाली लागू करने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हल्द्वानी में चिड़ियाघर और सफारी के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि वन विश्राम भवनों का रख-रखाव भी पर्यटकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए किया जाए तथा राजस्व बढ़ाने के प्रयास किये जाएं। उन्होंने ऋषिकेश के निकट चौरासी कुटिया के जीर्णोधार से संबंधित कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश दिये। धामी ने नवाचार पर जोर देते हुए कहा कि उत्तराखण्ड वनों की बहुलता वाला प्रदेश है, इसलिए वन संपदाओं को आर्थिकी से जोड़ने के प्रयास किये जाए, इसके लिए वन विभाग और वित्त विभाग बैठक करें ।महासीर के संरक्षण के लिए विशेष प्रयास किये जाएं।

बैठक में संरक्षित क्षेत्रों में 10 किलोमीटर की परिधि में आने वाले वन भूमि हस्तान्तरण एवं अन्य प्रकरणों पर कुल 25 निर्णयों पर अनुमोदन दिया गया जिन्हें राष्ट्रीय वन्य जीव बोर्ड को भेजा जायेगा। बैठक में जानकारी दी गई कि विगत तीन वर्षों में 75 हजार से अधिक बंदरों का बंध्याकरण किया जा चुका है जबकि इस वर्ष 27 वन प्रभागों में 40 हजार बंदरों के बंध्याकरण का लक्ष्य रखा गया है।

## प्लेन क्रेश में डॉक्टर हॉस्टल में मारे गए लोगों के परिवार को भी मिलेगा एक करोड़ मुआवजा?



**गांधीनगर।** अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरने के बाद एयर इंडिया की फ्लाइट क्रैश हो गई थी। इस फ्लाइट में 230 यात्रियों के अलावा कुल 242 लोग थे, जिसमें दो पायलट और 10 क्रू मेंबर्स थे। इस हादसे में फ्लाइट में सवार 241 लोगों की मौत हो गई है और सिर्फ एक ही व्यक्ति जीवित बचा है। इसका जीवित बचना किसी चमत्कार से कम नहीं माना जा रहा है। हादसे में जान गंवाने वालों का आंकड़ा 265 तक पहुंच गया है। बता दें कि टाटा ग्रुप के अध्यक्ष टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने हादसे के बाद मृतकों को एक-एक करोड़ रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। इस घोषणा के बाद ये असमंजस बना हुआ था कि क्या राशि सिर्फ उन लोगों को मिलेगी जो विमान में सवार थे और हादसे का शिकार हो गए।

या इस राशि का भुगतान उन लोगों के परिजनों को भी होगा जो विमान में सवार नहीं थे मगर हादसे में उनकी जान गई है। इस मामले को लेकर अब तस्वीर साफ हुई है। एयर इंडिया के स्वामित्व वाले टाटा ग्रुप ने इस मामले पर कहा कि इस हादसे में जान गंवाने वाले हर व्यक्ति के परिजन को एक करोड़ रुपये की राशि दी जाएगी। यानी ये राशि उन मृतकों के परिजनों को भी मिलेगी जो फ्लाइट में सवार नहीं थे मगर हादसे में उनकी मौत हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस हादसे में जान गंवाने वालों में पांच एमबीबीएस के छात्र, एक पीजी रेजिडेंट डॉक्टर और सुपरस्पेशलिस्ट डॉक्टर की पत्नी शामिल है। बता दें कि टाटा समूह ने ये स्पष्ट किया कि हादसे में जो लोग घायल हुए हैं उनका इलाज का खर्च बी कंपनी उठाएगी। ये भी सुनिश्चित किया जाएगा की उन्हें पूरा सहयोग मिले। कंपनी ने ऐलान किया कि बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल बिल्डिंग जो हादसे में क्षतिग्रस्त हुई है उसके पुनर्निर्माण में भी मदद की जाएगी। बता दें कि गुरुवार को अहमदाबाद के सरदार पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट से एयर इंडिया का बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान लंदन के लिए उड़ा था। टेकऑफ करने के कुछ ही पलों में विमान हादसे का शिकार हो गया। एयर इंडिया की ये फ्लाइट उड़ान भरने के चंद मिनटों में ही मेघानीनगर इलाके में बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल की बिल्डिंग पर गिर गई। गिरते ही विमान आग के गोले में तब्दील हो गया। ये हादसा उस समय हुआ जब हॉस्टल की बिल्डिंग में डॉक्टर मेस में लंच कर रहे थे।

## सिफत कौर सामरा को महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में कांस्य पदक

**नई दिल्ली ,( एजेंसी )।** शीर्ष भारतीय निशानेबाज सिफत कौर सामरा ने आईएसएसएफ विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में मौजूदा विश्व रिकॉर्ड धारक 23 वर्षीय सिफत ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 453.1 अंक बनाए। नॉर्वे की जीनेट हेग ड्यूस्टेड ने 466.9 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि स्विट्जरलैंड की एमिली जैगी ने 464.8 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया। एमिली 590 अंक के साथ क्वालीफिकेशन में नौवें स्थान पर रहीं थी लेकिन फाइनल में जगह बनाने में सफल रहीं क्योंकि शीर्ष आठ में शामिल दो निशानेबाज केवल रैंकिंग अंक (आरपीओ) के लिए निशानेबाजी कर रहीं थी। क्वालीफिकेशन में सिफत ने नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग के तीन चरण में कुल 592 अंक हासिल करके दूसरा स्थान हासिल किया। इस साल की शुरुआत में ब्यूनस आयर्स में हुए विश्व कप में उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था जिससे 2024 पेरिस ओलंपिक में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद इस सत्र की शानदार शुरुआत हुई।

## श्रेयस अय्यर के पास ट्रॉफी जीतने का सुनहरा मौका

**नई दिल्ली ,( एजेंसी )।** टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर पिछले कुछ सालों से काफी दमदार प्रदर्शन कर रहे हैं। फिर चाहे वो उनकी बल्लेबाजी हो या कप्तानी दोनों में ही अय्यर बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। आईपीएल 2025 में अय्यर ने अपने बैट के साथ-साथ कप्तानी में भी अपनी दमखम दिखाया। पंजाब किंग्स को अपनी कप्तानी में अय्यर ने 11 साल बाद फाइनल में पहुंचा। हालांकि, उन्हें आईपीएल 2025 फाइनल में आरसीबी के खिलाफ हार झेलनी पड़ी लेकिन ठीक 9 दिन बाद फिर से अय्यर के पास ट्रॉफी जीतने का मौका है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में मुंबई फैलकंस मुंबई टी20 लीग 2025 के फाइनल में पहुंच गई है। मुंबई टी20 लीग 2025 का फाइनल मुकाबला आजा यानी 12 जून को मुंबई फैलकंस और मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स के बीच वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। ऐसे में ठीक 9 दिन बार अय्यर के पास दोबारा ट्रॉफी जीतने का मौका है। अब देखना है कि ये क्या अय्यर इस बार ट्रॉफी अपने नाम कर पाएंगे। अय्यर ने आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी की थी और सीजन दिल्ली ने फाइनल खेला था। लेकिन फिर उनकी टीम खिताब से चूंक गई थी। उसके बाद साल 2024 में अय्यर ने कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी की और उस सीजन टीम ने खिताब जीता था। फिर 2025 में अय्यर ने पंजाब किंग्स की कप्तानी की और टीम को फाइनल तक पहुंचाया।

## सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने स्टीव स्मिथ

**नई दिल्ली ,( एजेंसी )।** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जब साउथ अफ्रीका के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई टीम संकट में थी तब स्टीव स्मिथ टीम के लिए संकटमोचन बने। इस दौरान स्टीव स्मिथ ने एक विश्व कीर्तिमान भी अपने नाम कर लिया। उन्होंने पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त कर इस पर अपना नाम लिखवा लिया। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अब तक दो फाइनल हो चुके हैं। इस मैच से पहले तक इसमें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भारत के अजिंक्य रहाणे हुआ करते थे। उन्होंने दो मैचों की चार पारियों में 199 रन बनाए थे। लेकिन अब स्टीव स्मिथ उनसे आगे निकल गए हैं। लॉर्ड्स में स्टीव स्मिथ ने जैसे ही अपने 45 रन पूरे किए, वे रहाणे से आगे निकल गए हैं। इतना ही नहीं वे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में 200 से ज्यादा रन बनाने वाले भी पहले बल्लेबाज बन गए हैं। भारतीय टीम ने साल 2021 और इसके बाद साल 2023 में बैट टू बैक दो फाइनल खेले लेकिन इस बार टीम तीसरे नंबर पर रही और फाइनल में एंट्री नहीं कर पाई। जहां एक ओर ऑस्ट्रेलियाई टीम दूसरी बार फाइनल में अपनी जगह बनाने में कामयाब रही, वहीं साउथ अफ्रीका की टीम पहली बार फाइनल खेल रही है।

# भारत अच्छी तैयारी के साथ आया होगा, लेकिन हम जानते हैं कि हमें कहां पहुंचना है-मैकुलम

**नई दिल्ली,( एजेंसी )।** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि भारत पांच टेस्ट मैच की सीरीज के लिए अच्छी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ यहां आया होगा लेकिन इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उनके खिलाड़ी इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि 'एक टेस्ट टीम के रूप में हम कहां पहुंचना चाहते हैं।' भारत अपने नए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र की शुरुआत 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के साथ करेगा। मैकुलम ने स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट से कहा, ''वह शानदार क्रिकेट खेलने वाला देश है, जो बड़ी उम्मीदों के साथ यहां आया होगा और हम उनकी चुनौती के लिए तैयार हैं।'' इंग्लैंड ने हाल ही में छह मैचों की सफ़ेद गेंद की श्रृंखला में वेस्टइंडीज़ का सफ़ाया किया। अब उनका ध्यान लाल गेंद के प्रारूप पर है क्योंकि वे भारत और इस साल के अंत में होने वाली एशेज की तैयारी कर रहे हैं। मैकुलम ने आगे कहा, ''यह महत्वपूर्ण है कि खिलाड़ी तरोताजा रहें। हम जानते हैं कि टेस्ट टीम के रूप में हमें कहां पहुंचना है।'' इंग्लैंड की टीम में तेज गेंदबाज मार्क वुड नहीं होंगे, जो चोट के कारण कम से कम पहले तीन टेस्ट से बाहर हो गए हैं। उनके साथी तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी शुरुआती टेस्ट से बाहर रहेंगे, जबकि गस एटकिंसन अब भी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से उबर रहे हैं। मैकुलम को हालांकि इंग्लैंड के गेंदबाजी विकल्पों पर पूरा भरोसा है। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने कहा, ''हमारे कुछ अच्छे तेज गेंदबाज खेलने के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे लेकिन हमारे पास क्रिस वोक्स, सैम कुक, ब्रायडन कार्स, जेमी ओवरटन, जोश टंग के रूप में तेज गेंदबाजी विभाग में अच्छा और विविधतापूर्ण आक्रमण है।'' उन्होंने कहा, ''स्पिन विभाग मेंहमारे पास शोएब बशीर हैं, जो टेस्ट क्रिकेट में लगातार अपने खेल में सुधार कर रहे हैं। हम जानते हैं कि भारत के खिलाफ हमारी परीक्षा होगी और वे पूरी तैयारी के साथ उतरेंगे।'' भारत अनुभवी विराट कोहली, रोहित शर्मा और आर अश्विन के बिना एक नए युग की शुरुआत करेगा। यह तीनों खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। भारतीय टीम की अगुआई शुभमन गिल करेंगे और इसमें साई सुदर्शन और यशस्वी जायसवाल जैसे युवा खिलाड़ी शामिल हैं। इंग्लैंड ने ऑलराउंडर जैकब बेथेल को फिर से टीम में शामिल किया है और मैकुलम ने इस 21 वर्षीय खिलाड़ी की जमकर प्रशंसा की।




उन्होंने कहा, ''बेथेल के सामने अभी लंबा करियर है। वह अभी केवल 21 साल का है और उसके पास अपनी प्रतिभा को दिखाने का मौका है। वह ड्रेसिंग रूम में पहले ही अपनी पैठ बना चुका है।'' मैकुलम ने जेमी स्मिथ और बेन डकेट का भी विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा, ''जेमी स्मिथ और बेन डकेट ने मुझे टेस्ट मैच में डकेट और जैक क्रॉली की जोड़ी की याद दिला दी है। हम जानते हैं कि डकेट कितने अच्छे बल्लेबाज हैं, लेकिन स्मिथ के पास जो ताकत है वह अद्भुत है।

## वापसी कभी आसान नहीं होती... गौतम गंभीर ने करुण नायर की वापसी पर दिया बड़ा बयान





**नई दिल्ली ,( एजेंसी )।** लंबे समय बाद भारत इंग्लैंड में अपनी पहली सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा जिसके लिए वह जबरदस्त तैयारी में जुटा हुआ है। दोनों टीमें के बीच पांच मैच की टेस्ट सीरीज 20 जून से लीड्स में शुरू होगी। मुख्य कोच गौतम गभीर ने करुण नायर की भी तारीफ की जिन्होंने घरेलू क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम में वापसी की है। भारतीय कोच ने कहा कि, वापसी कभी आसान नहीं होती, जिसने सात साल बाद वापसी की हो, उसका पिछला साल बेहतरीन रहा। उन्होंने कहा कि, आपने जितने रन बनाए हैं और सबसे अहम बात कभी हार ना मानने का जज्बा है जिसने आपको टीम में वापस ला दिया है और ये इस समूह में सभी के लिए प्रेरणादायक है। करुण नायर का स्वागत है।

नायर ने कहा कि वह भारत के लिए खेलने का दूसरा मौका मिलने पर आभारी हैं। उन्होंने कहा कि इस अवसर फिर से मिलने के लिए आभारी हूं। मैं इस मौके का पूरा फायदा उठाने के लिए उत्सुक हूं। मुझे यकीन है कि एक बार जब मैं मैदान पर उतरूंगा तो मेरे अंदर बहुत सारी भावनाएं होंगी लेकिन अभी मैं उन्हें व्यक्त नहीं कर सकता।

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश में 242 लोगों की मौत पर विराट कोहली और अनुष्का शर्मा ने जताया दुख



नई दिल्ली। अहमदाबाद में क्रैश हुए एयर इंडिया के विमान में सवार सभी 242 लोगों की मौत हो गई है। इस दुखद घटना पर विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा ने भी शोक व्यक्त किया है। क्रैश में सभी 242 लोगों के मृत पाए जाने से विराट कोहली चौंक दए हैं, उन्होंने सभी मृत लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की है। दूसरी ओर अनुष्का ने भी इमोशनल मैसेज शेयर किया है।

विराट कोहली ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी पोस्ट करके लिखा कि, आज अहमदाबाद में विमान के क्रैश होने से चौंक गया हूं। जो भी लोग इससे प्रभावित हुए हैं मैं उन सभी के परिवारों के लिए प्रार्थना करता हूं। दूसरी ओर अनुष्का शर्मा ने लिखा कि, आज अहमदाबाद में प्लेन क्रैश की खबर सुनकर बहुद दुख हुआ। मेरे विचार और प्राथर्नाएं सबके साथ हैं।

बता दें कि, एयर इंडिया के विमान ने अहमबादा स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। विमान आसमान में 1000 मीटर की ऊंचाई भी नहीं पकड़ पाया था तभी मेघानी नगर में एक हॉस्टल के ऊपर क्रैश हो गया। इस विमान में सवार 242 यात्री सफर कर रहे थे, जिनमें 230 यात्री, 2 पायलट और 10 क्रू मेंबर्स शामिल रहे। विराट और अनुष्का से पहले खेल जगत की कई हस्तियों ने इस हादसे पर दुख जताया।

## इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले हेड गौतम गंभीर ने दिए खिलाड़ियों को गुरुमंत्र

**नई दिल्ली ,( एजेंसी )।** टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने नए स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच एड्रियन ले रॉक्स का टीम में स्वागत किया। इसके साथ ही उन्होंने रेड बॉल सेटअप में पहली बार नजर आ रहे बल्लेबाज साई सुदर्शन और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह का भी स्वागत किया। हेड कोच ने करुण नायर की भी जमकर तारीफ की जो 8 साल बाद टेस्ट टीम में वापसी कर रहे हैं। इसके बाद उन्होंने कप्तान और उपकप्तान शुभमन गिल और ऋषभ पंत को बधाई दी। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए पूरा सपोर्टिंग स्टाफ भी सभी खिलाड़ी इंग्लैंड पहुंच चुके हैं और जो खिलाड़ी इंडिया ए के लिए खेल रहे थे वह भी अब टीम का हिस्सा बन चुके हैं। ऐसे में गौतम गंभीर ने टीम हडल में बीसीसीआई के वीडियो में कहा कि, मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि इस दौरे को देखने के दो तरीके हैं।

एक, हम अपने तीन सबसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना हैं दूसरा हमें देश के लिए कुछ खास करने का ये बेहतरीन मौका है। जब मैं इस ग्रुप को देखता हूं तो मुझे कुछ खास करने की भूख, जुनून और प्रतिबद्धता दिखाई देती है। गंभीर ने आगे कहा कि, हम त्याग करते हैं अगर हम अपने कम्फर्ट जोन से बाहर आते हैं, अगर हम लड़ना शुरू करते हैं हर दिन नहीं बल्कि हर सत्र, हर घंटे और हर गेंद पर मुझे लगता है कि हम एक यादगार दौरा कर सकते हैं। इसलिए सुनिश्चित करें कि हम आज से ही इसकी शुरुआत करेंगे। जिन तीन अनुभवी खिलाड़ियों का जिक्र किया है उनमें आर अश्विन, रोहित शर्मा और विराट कोहली का नाम शामिल हैं। अश्विन ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान, रोहित और विराट ने इस दौरे से पहले टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा है।

## वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पैट कमिंस का कारनामा, जड़ा विकेटों का सिक्सर और टेस्ट में ट्रिपल सेंचुरी

**नई दिल्ली ,( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलिया की टीम के कप्तान पैट कमिंस ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले जा रहे वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। दरअसल, कमिंस ने लंदन के लॉर्ड्स में आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में विकेटों के साथ-साथ रिकॉर्ड्स की भी झड़ी लगा दी।

साउथ अफ्रीका की टीम को चारों खाने चित करते हुए पैट कमिंस ने पहले तो विकेटों का सिक्सर लगाया। इसके साथ उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में विकेटों का तिहरा शतक पूरा किया। इसी पारी के दौरान वे वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के 2023-25 के चक्र में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बन गए। दरअसल, सबसे पहले तो ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने अपनी टीम को डब्ल्यूटीसी 2025 के फाइनल




में आगे किया। फिर उन्होंने रिकॉर्ड्स पर रिकॉर्ड्स बनाए। पैट कमिंस डब्ल्यूटीसी फाइनल में फाइफर यानी पारी में 5 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। हालांकि, इस मैच में उन्होंने 6 विकेट निकाले और रन सिर्फ 28 दिए। इसके बाद वे वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 के चक्र में जसप्रीत बुमराह को पछाड़कर सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाज बन गए। बुमराह ने इस चक्र में 77 विकेट निकाले थे, लेकिन कमिंस के विकेटों की संख्या 78 पहुंच गई हैं।

जैसे ही कमिंस को इस पारी का छठा विकेट मिला तो टेस्ट क्रिकेट में उनकी विकेटों के मामले में ट्रिपल सेंचुरी भी पूरी हो गई। वे ऐसा करने वाले ऑस्ट्रेलिया के 8वें गेंदबाज बन गए। इसके अलावा कप्तान के तौर पर वह 9 या इससे ज्यादा बार पांच विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए। इस मामले में उन्होंने भारत के बिशन सिंह बेदी को पीछे छोड़ा है। इमरान खान और रिची बेनोड ने क्रमश 12 और 9 बार ये कमाल किया था। करियर में 14वीं बार उन्होंने 5 या इससे ज्यादा विकेट अपने टेस्ट करियर के लिए हैं। इस समय ऑस्ट्रेलिया थोड़ी सी कमजोर लग रही थी, लेकिन इस मैच में पैट कमिंस ने वापसी कराई।

## निकोलस पूरन के बाद अन्य खिलाड़ी भी ले सकते हैं संन्यास

**नई दिल्ली ,( एजेंसी )।** क्रिकेट इतिहास में कभी सबसे धाकड़ टीम रही वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम में एक बार फिर उथल-पुथल मच गई है। टीम केस्टार बल्लेबाज और विकेटकीपर निकोलस पूरन ने अचानक इंटरनेशनल क्रिकेट से सिर्फ 29 साल की उम्र में संन्यास ले लिया। पूरन ने ये फैसला टी20 वर्ल्ड कप 2026 से महज 8 महीने पहले ही लिया है जिसने फैंस और टीम को चौंका दिया है। इन सब के बीच टीम के मुख्य कोच डैरेन सैमी का एक बड़ा बयान सामने आया है। जिसने वेस्टइंडीज क्रिकेट की भविष्य की चुनौतियों को उजागर कर दिया है। डैरेन सैमी ने कहा कि पूरन का ये फैसला महज एक शुरुआत है। उन्होंने चेतावनी दी कि आने वाले समय में और भी वेस्टइंडीज के खिलाड़ी इसी तरह अचानक इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले सकते हैं। सैमी ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से बातचीत के दौरान कहा कि, मेरी अंतरात्मा कह रही थी कि ऐसा कुछ होने वाला है। मैंने पहले ही पूरन और एजेंट से बातचीत कर ली थी और हमने उनके बिना ही टीम की रणनीति बनानी सुरू कर दी थी।

पूरन के संन्यास को लेकर सैमी इमोशनल जरूर थे, लेकिन उन्होंने कमर्शियल एंगल से भी इस फैसले को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि, पूरन जैसे खिलाड़ी को मैं हमेशा टीम में रखना चाहूंगा।

लेकिन मैं किसी खिलाड़ी के करियर का फैसला नहीं कर सकता। पूरन ने टीम को बधाई दी, और हमने भी उन्हें उनके भविष्य को लेकर शुभमकामनाएं दी हैं। डैरेन सैमी वेस्टइंडीज को 2012 और 2016 में दो बार टी20 वर्ल्ड कप जितवा चुके हैं। उन्होंने ने कहा कि आज के समय में खिलाड़ी इंटरनेशनल क्रिकेट को छोड़कर फ्रेंचाइजी लीग्स की ओर ज्यादा झुकाव रखने लगे हैं और ये एक बहुत ही सामान्य बात है। उनका मानना है कि अब टी20 क्रिकेट इतना फेमस हो गया है कि खिलाड़ी अपने करियर की शुरुआत में ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का फैसला कर लेते हैं मुझे पूरा भरोसा है कि आने वाले दिनों में और भी वेस्टइंडीज के खिलाड़ी ऐसा करेंगे।






# तीन स्टार को घर बिठाकर, उपनिरीक्षकों के भरोसे सौंप दी गई थाने की कमान, कैसे कम होंगे अपराध

### उत्तर प्रदेश की सीमा चाकघाट थाने में भी 2 स्टार ही संभाल रहे जिम्मेदारी




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले भर में इन दिनों निरीक्षकों के होते हुए दर्जनभर थाने उपनिरीक्षकों के भरोसे पर संचालित हो रहे हैं जिसकी वजह से लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं में शिकंजा कसने पर पुलिस प्रशासन नाकामयाब ही दिखाई दे रहा। वहीं रीवा शहर में तीन बड़े बड़े ऐसे थाने हैं जहां निरीक्षकों की पदस्थापना होनी चाहिए मगर यह थाने उपनिरीक्षकों के दम पर ही चल रहे हैं तथा उपनिरीक्षकों की अनुभव कमी उनके कार्यों के आड़े आ जाती है और वह अपराध पर अंकुश लगा पाने में सक्षमता नहीं दिखा पाते। रीवा शहर की हम बात करें तो सिटी कोतवाली थाना जो शहर में अपराध का सबसे बड़ा केंद्र है और हमेशा ही यहां अनुभवी निरीक्षकों को ड्यूटी पर तैनात किया गया है मगर पिछले कई महीनों से यह मुख्य थाना निरीक्षक विहीन ही बना हुआ है निरीक्षक स्तर के थाने में जहां पर इन दिनों लगातार अपराधिक ग्राफ भी बढ़ता ही जा रहा है परंतु फिर भी वरिष्ठ अधिकारी इन थानों पर निरीक्षकों की पदस्थापना नहीं कर पा रहे हैं।

इसके अलावा शहर से सटे हुए गुढ़ थाने में भी पुलिस के अधिकारियों द्वारा निरीक्षक की पदस्थापना नहीं की गई है जबकि विगत लम्बे समय से इस इलाके में अपराधियों ने आमजन में खौफ पैदा किया है । वहीं ग्रामीण इलाके की बात की जाए सगरा, बैकुंठपुर, जवा, अतरैला, डभौरा और जनेह थाना जिले के ऐसे थाने हैं जहां उपनिरीक्षक ही थाने के प्रभारी बने बैठे हैं। इसके अतिरिक्त एमपी और यूपी की सीमा में स्थित चाकघाट थाने की कमान भी उपनिरीक्षक के हाथों पर ही सौंपी गई है जबकि चाकघाट थाना हाइवे और दो प्रदेशों की सीमा होने की वजह से मुख्य थाना माना जाता है

दरअसल जिले भर में लगातार बढ़ रहे आपराधिक घटनाओं पर शिकंजा कसने में पुलिस प्रशासन अक्सर नाकामयाब ही रहा है जिसकी वजह से आए दिन यहां चोरी, लुट तथा हत्या जैसी घटनाएं आम हो चुकी हैं वहीं बीते कई दिनों से रीवा शहर में हर रोज गोलीबारी की घटनाएं भी हो रही हैं परंतु पुलिस की टीम इनके रोकथाम पर भी कोई ठोस कदम नहीं उठा पाई है। वहीं बात की जाए नशीले मादक पदार्थों के विक्रय की तो शायद ही जिले में ऐसे कोई थाने होंगे जहां नशीली सिरप कोरेक्स के साथ ही गांजा और अन्य नशीली सामग्रियों का विक्रय न होता हो जबकि इस तरह की सामग्रियां का वितरण बड़ा अपराध माना जाता है फिर भी पुलिस इस पर कार्यवाही नहीं कर पाती है क्योंकि इसके पीछे की सबसे बड़ी वजह प्रभारियों की अनुभव कमी है जिसके कारण वह घटनाओं को बारीकी से नहीं समझ पाते ऐसे में निरीक्षकों की पदस्थापना जरूरी हो जाती है

**प्रमुख थाने जिसमें जरूरी है निरीक्षकों की पदस्थापना:** चाकघाट, गुढ़, सिटी कोतवाली, और बिछिया यह ऐसे बड़े थाने हैं जहां पर निरीक्षकों की पदस्थापना जरूरी है क्योंकि इनमें आपराधिक घटनाओं का होना अधिक मात्रा में संभव है क्योंकि एक ओर जहां चाकघाट थाना दो प्रदेशों एमपी और यूपी की सीमा को जोड़ता है जहां से अपराधियों की आवाजाही होती है तो वहीं गुढ़ थाना जो ग्रामीण क्षेत्रों का सबसे बड़ा भूभाग एकत्रित किया हुआ है तथा सीधी जिले की सीमा से भी सटा हुआ है ऐसे में वहां पर भी निरीक्षक की नियुक्ति जरूरी हो जाती है।

## सतना में कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़ा पकड़ाया



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना में पुलिस आरक्षक भर्ती प्रक्रिया में दस्तावेज सत्यापन के दौरान एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। गुरुवार को ज्वाइनिंग के लिए आया एक आरक्षक दस्तावेज जांच के दौरान पकड़ा गया, जो जाली दस्तावेजों के आधार पर भर्ती की अंतिम प्रक्रिया में शामिल होने पहुंचा था। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार युवक की पहचान सौरभ कुमार शर्मा निवासी बेराई, जिला मुरैना के रूप में हुई है। जांच में सामने आया है कि परीक्षा किसी और ने दी थी, लेकिन ज्वॉइनिंग के समय आधार अपडेट कर खुद को असली अभ्यर्थी बताकर वह भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो गया था।

सतना में चल रही आरक्षक भर्ती प्रक्रिया के तहत जब सौरभ शर्मा दस्तावेज जांच के लिए पहुंचा, तो उसकी गतिविधियां संदिग्ध नजर आईं। एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देशन में दस्तावेजों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान सौरभ के दस्तावेजों की जांच में अनियमितता पाई गई।

सिविल लाइन टीई योगेन्द्र सिंह ने बताया- जांच में खुलासा हुआ है कि सौरभ ने कई बार अपना आधार अपडेट कराया था, ताकि असली परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी की जगह खुद जॉइनिंग कर सके। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि सौरभ ने परीक्षा नहीं दी थी। वह किसी अन्य व्यक्ति से परीक्षा दिलवाकर अब खुद फर्जी तरीके से पद पर नियुक्ति पाने पहुंचा था।

थाना प्रभारी ने बताया कि जांच में फर्जीवाड़ा सामने आते ही पुलिस ने सौरभ शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471 के तहत मामला दर्ज कर शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## राज्य स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे रीवा के 5 खिलाड़ी

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** नगर निगम बाल कौशल केंद्र रीवा से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 5 खिलाड़ी आलोक सोंधिया, आर्यन, अनुपमा, तृप्ति और ध्रुव नारायण सिंह प्रथम ओपन राज्य स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 15 जून तक मानस भवन रीवा में किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने कहा कि बाल कौशल केंद्र जैसे प्लेटफार्म बच्चों की प्रतिभा निखारने और उन्हें सही दिशा देने में सहायक हैं।

## रीवा के सुर-ताल महोत्सव में सारेगामापा फेम प्रियंका छेड़ेगी अपने सुरों की तान

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा में 33-वें सुर-ताल महोत्सव का आगाज़ 14 जून से होने जा रहा है। चार दिवसीय आयोजन में प्रतिदिन नई गतिविधियां होंगी। यह आयोजन कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 14 जून को सुबह 11 बजे बघेली गीतों की प्रतियोगिता से होगा, जबकि 15 जून को बेस्ट डांसर अवार्ड प्रतियोगिता होगी, जो किड्स कैटगरी सहित जूनियर मेल-फीमेल, सीनियर मेल-फीमेल व सोलो डांस व समूह डांस की कैटगरी में होगी। 16 जून को सिंगर अवार्ड की प्रतियोगिता में भी जूनियर मेल-फीमेल व सीनियर मेल फीमेल कैटेगरी रखी गई है। प्रतियोगिता में विजेता, उपविजेता के अलावा सभी प्रतियोगियों को प्रोत्साहन पुरस्कार एवं प्रशस्ति दिए जयेंगे। 17 जून को दोपहर 3 बजे मुकेश एण्ड मुकेश आर्केस्ट्रा के कलाकार प्रस्तुति देंगे, जबकि ओल्ड इज़ गोल्ड नाइट में सेलिब्रिटी सारेगामापा फेम कलकत्ता की प्रियंका अपनी गायिकी का जलवा बिखेरेंगी।

## रीवा में डकैती कांड पर एसपी को ज्ञापन सौंपकर ग्रामीणों ने उठाई कार्रवाई की मांग

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र में बीते दिनों हुई डकैती के आरोपियों को अब तक नहीं पकड़ा जा सका है। जिसके चलते ग्रामीणों ने पटना कचूर डकैती कांड पर एसपी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग उठाई है। ज्ञापन में कहा गया है कि पटना कचूर करारी बेलहई टोला में धीरेन्द्र मिश्रा व धर्मेंद्र मिश्रा के घर में हाल ही में हुई डकैती की घटना ने पूरे इलाके को दहशत में डाल दिया है। एसपी ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही इस मामले में कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने मनगवां विधायक को भी ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ समय पहले इस मामले की शिकायत महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से भी की गई थी। जिस पर उन्होंने रीवा एसपी को पत्र भेजकर कार्रवाई के लिए कहा है।

## नगर निगम रीवा द्वारा किया गया पौधरोपण

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर निगम रीवा द्वारा विशेष स्वच्छता एवं पौधारोपण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को नगर निगम कार्यालय परिसर स्थित पद्मधर पार्क में पौधारोपण किया गया। यह आयोजन "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान से प्रेरित होकर अमृत मित्र ' वूमेन फॉर ट्री' के तहत किया गया। इससे पहले जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बाणसागर तालाब की स्वच्छता श्रमदान कर तालाब की सफाई की गई।

## रीवा में कोरेक्स सरगना का प्रमुख सहयोगी गिरफ्तार, 10 हजार का था इनामी



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा की चोरहटा थाना पुलिस ने नशा तस्करी से जुड़े बड़े नेटवर्क पर एक और कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी कलीम अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है। वह संभागीय कोरेक्स तस्कर विजय साहू उर्फ बुच्ची का करीबी साथी था। कलीम पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह मई 2024 से फरार चल रहा था। थाना प्रभारी आशीष मिश्रा ने बताया कि कलीम अंसारी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित था। यह विजय साहू उर्फ बुच्ची का सहयोगी। बुच्ची को पिछले सप्ताह गिरफ्तार कर जेल भेजा था। अब उसके सहयोगी कलीम को भी पकड़ लिया गया है। कलीम अंसारी शहर के अलग-अलग थानों में दर्जनभर से अधिक आपराधिक मामलों में नामजद था। एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज थे। वह बुच्ची के नशा तस्करी नेटवर्क में अहम भूमिका निभाता था। गिरफ्तारी से पहले कई बार पुलिस को चकमा देकर फरार हो चुका था। गिरफ्तार कलीम को शनिवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

# रीवा-प्रयागराज में स्थित गढ़ बाईपास में कार पलट, एक ही परिवार के छह लोग घायल



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा प्रयागराज में स्थित गढ़ बाईपास में एक कार पलट गई। कार काफी क्षतिग्रस्त हो गई। उसके आगे का हिस्सा पूरी तरह से टूट गया। गेट बाहर निकल आए। दुर्घटना में एक ही परिवार के 6 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से दो लोगों की स्थिति गंभीर बताई गई है। घटना शुक्रवार दोपहर की है। हादसा इतना खतरनाक था कि कार के परखच्चे उड़ गए।

घटना की सूचना पर एसडीओपी प्रतिभा शर्मा सहित,थाना प्रभारी अवनीश पांडेय मौके पर पहुंचे। जहां से सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। एडीएम संजय जैन भी मौके पर पहुंचे।

बताया गया है कि कार सवार मैहर से उत्तरप्रदेश जा रहे थे। इसी दौरान अचानक कार अनियंत्रित हो गई। जिसकी वजह से अचानक सड़क हादसा हो गया। डीएसपी प्रतिभा शर्मा ने बताया कि फिलहाल अभी गंभीर घायलों की पहचान नहीं हो पाई है, गंभीर हालत की वजह से इलाज को प्राथमिकता दी जा रही है।

### मऊगंज में कार-बाइक की टक्कर में तीन घायल, रीवा रेफर

मऊगंज थाना क्षेत्र के कटरा-मऊगंज मुख्य मार्ग पर महेवा गांव के समीप शुक्रवार सुबह एक हादसा हो गया। सुबह करीब 10 बजे एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी, हादसे में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान पहाड़ी गांव निवासी अब्दुल अहमद, आरिश खान और मोशीद खान के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि तीनों प्रयागराज जा रहे थे। हादसे की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी, जिसके बाद 100 डायल की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रीवा रेफर कर दिया गया। चौकी प्रभारी अनंत विजय सिंह ने दुर्घटनाग्रस्त कार को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### छात्रावास अधीक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आज

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कमिश्नर बीएस जामोद द्वारा जनजातीय कार्य विभाग के तहत संचालित छात्रावास की व्यवस्थाओं को बेहतर करने एवं रिक्त सीटों में शत-प्रतिशत भर्ती के निर्देश दिए गए हैं। इसके परिपालन में छात्रावास अधीक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण 14 जून को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार रीवा में आयोजित किया जा रहा है।

## घर से निकलते समय धूप और लू से बचाव के उपाय करें



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले में एक सप्ताह से तेज धूप होने से सुबह 10 बजे से ही गर्म हवाएं चलने लगती हैं। जिसके कारण लू लगने की आशंका बढ़ गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ला ने आमजनों को लू से बचाव की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि लू से बचने के लिए जन सामान्य ज्यादा समय तक घर पर ही रहें। जिले में पिछले एक सप्ताह से तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है। दिन में 10 बजे के बाद गर्म हवाओं का प्रकोप हो जाता है। आमजन अति आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले। जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलते समय पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। खाली पेट घर से बाहर न जायें। इससे लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। दिन में कम से कम 12 से 15 गिलास पानी जरूर पियें। लू से बचाव के लिए देशी घरेलू उपाय अपनाएं। बाहर निकलते समय सूती कपड़े से चेहरा और सर ढककर रखें तथा पानी साथ में जरूर रखें। पहनने के लिए सूती कपड़ों का अधिक उपयोग करें। लू से बचने के लिए खरबूज, तरबूज, ककड़ी, खीरा, आदि मौसमी फलों का सेवन करें। बेल, सौफ, पुदीना, धनिया आदि के शर्बत तथा छांछ के उपयोग से भी लू से बचाव होता है। अगर लू के लक्षण जैसे मिचली आने, गला सूखने तथा बुखार का प्रकोप होने पर तत्काल डॉक्टर से संपर्क करके उचित उपचार करायें।

**कलेक्टर ने ए.पी.सी. बैठक की तैयारियों की समीक्षा की**

# प्राकृतिक खेती के लिये किसानों को करें जागरूक



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** आगामी 18 जून को कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा ली जाने वाली संभागीय समीक्षा बैठक से पूर्व कलेक्टर ने तैयारी बैठक में कृषि विभाग एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि फसल विविधीकरण व प्राकृतिक खेती के लिये किसानों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि जिले में दलहनी एवं तिलहनी फसल का रकबा बढ़ाने के लिये भी किसानों को प्रेरित किया जाय। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि खेती ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार है। किसानों को धान के उत्पादन से हटकर दलहन व तिलहन फसलों के उत्पादन के लिये प्रेरित करें। दलहन व तिलहन बीज किसानों तक पहुंचायें। कृषि के अतिरिक्त किसानों को उद्यानिकी एवं पशुपालन के साथ मत्स्यपालन की गतिविधियों से जोड़े ताकि कृषि लाभ का धंधा बन सके। उन्होंने बीज समितियों के लायसेंस प्राप्त होने तथा डबल लाक केन्द्रों के आधुनिकरण के तहत चोरहटा, जवा व मऊगंज में बनाये गये केन्द्रों की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने पीओएस प्रविष्टि के आधार पर उर्वरक का आवंटन किये जाने तथा कालाबाजारी व अवैध भण्डारण का विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर ने ई मंडी योजनान्तर्गत कृषकों को फसल विक्री की सुविधा व भुगतान की भी जानकारी प्राप्त की। तैयारी बैठक में कलेक्टर ने उद्यानिकी फसलों के रकबे में वृद्धि किये जाने तथा बढ़े रकबे की गिरदावरी कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि योजनान्तर्गत किसानों का ई पंजीयन भी करायें। बैठक में पशु पालकों व मत्स्यपालकों के केसीसी बनाने तथा मत्स्य समितियों के बैंक खाते खोले जाने के निर्देश कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये। उन्होंने सहकारी बैंक की ऋण वसूली बढ़ाने तथा जमा राशि बढ़ाये जाने के निर्देश सहकारी बैंक के प्रतिनिधि को दिये। उन्होंने मंडी बोर्ड के अधिकारी को निर्देशित किया कि मंडियों के बैंक खाते सहकारी बैंक में ही रहें यह सुनिश्चित करें। बैठक में कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, पशुपालन आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सतना में सड़क निर्माण का विरोध, पुलिया बंद करने पर नाराज हुए लोग



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना के गौशाला चौक से डालीबाबा मार्ग पर चल रहे आरसीसी सड़क निर्माण को लेकर गुरुवार रात स्थानीय निवासियों ने विरोध किया। वार्ड 35 के निवासियों का कहना है कि क्षेत्र में पहले से मौजूद 4 नालों की पुलिया को बंद कर सड़क का निर्माण किया जा रहा है।

स्थानीय लोगों की चिंता है कि पुलिया के बिना बरसात का पानी उनके घरों में भर जाएगा। पहले इन पुलियों के माध्यम से पश्चिम से पूर्व की ओर पानी का बहाव होता था। विरोध के चलते ठेकेदार को पोकलेन मशीन से डाली गई कंक्रीट को हटाना पड़ा और निर्माण कार्य रोकना पड़ा।

वार्ड पार्षद रमेश शुक्ला ने बताया कि उन्होंने इस समस्या के बारे में पहले ही महापौर और नगर निगम आयुक्त को अवगत करा दिया था। उनका आरोप है कि डामर रोड की जगह 5 फीट ऊंची कंक्रीट सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इससे आसपास के मकान और दुकानें सड़क स्तर से नीचे हो जाएंगी, जिससे बरसात में जलभराव की समस्या उत्पन्न होगी। स्थानीय निवासियों की मांग है कि पहले नालों की पुलिया का निर्माण किया जाए, उसके बाद ही सड़क का काम शुरू हो।

## सतना में पेट्रोल पंप पर चाकूबाजी, गार्ड समेत तीन लाग घायल



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना के कोलगवां थाना क्षेत्र में सेमरिया चौक के पास पेट्रोल पंप गुरुवार रात करीब 11 बजे चाकूबाजी की घटना हुई। हमले में दो युवकों समेत पंप के गार्ड को चोट आई है। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।

पुलिस के अनुसार, रविनंदन विश्वकर्मा (26) और प्रकाश सौंधिया (25) अपनी बाइक से चौरसिया पेट्रोल पंप पर पहुंचे थे। उसी दौरान दूसरी बाइक से तीन युवक आए और दोनों पर चाकू से हमला कर दिया। हमला का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आरोपी चाकू से हमाल करते और भागते हुए दिख रहे है।

हमलावरों को रोकने के प्रयास में पेट्रोल पंप के गार्ड को भी चाकू मारकर घायल कर दिया गया। इसके बाद आरोपी मौके से भाग निकले। भागते वक्त अपनी बाइक वहीं छोड़ गए। वीडियो में सभी को भागते हुए देखा जा सकता है।

रविनंदन और प्रकाश को पेट और सीने में गंभीर चोटें आई हैं। दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां उनका इलाज जारी है। गार्ड को भी हल्की चोटें आई हैं।

पुलिस ने पेट्रोल पंप पर लगे फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं। इस दौरान सामने आए वीडियो की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में हमलावरों और पीड़ितों के बीच पुरानी रंजिश की बात सामने आ रही है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।